# प्रारंभिक हस्तक्षेप (0-2 वर्ष) के लिए माता-पिता के अधिकार
# एवं
# प्रारंभिक बचपन विशेष शिक्षा (3-5 वर्ष)

**Office of Student Services (छात्र सेवाओं का कार्यालय) 255 Capitol Street NE Salem, Oregon 97310**

यह दस्तावेज़ IDEA, भाग C, के अंतर्गत प्रारंभिक हस्तक्षेप (Early Intervention - EI) और IDEA, भाग B के अंतर्गत प्रारंभिक बचपन विशेष शिक्षा (Early Childhood Special Education - ECSE) के लिए प्रक्रियात्मक रक्षोपायों को प्रस्तुत करता है। EI के लिए आवश्यकताएँ अक्टूबर 2011 से प्रभावी IDEA विनियमों के अनुरूप हैं। ECSE के लिए, आवश्यकताएँ अमेरिकी शिक्षा विभाग के मॉडल प्रक्रियात्मक रक्षोपाय सूचना (जून 2009) के अनुरूप हैं। जहाँ आवश्यक हो, ओरेगन के बारे में विशिष्ट जानकारी प्रदान की गई है।

इस दस्तावेज़ के बारे में प्रश्नों या टिप्पणियों को यहाँ भेजा जा सकता है:

Office of Student Services (छात्र सेवाओं का कार्यालय)
Oregon Department of Education
255 Capitol Street
Salem, OR 97310
(503) 947-5782

यह दस्तावेज़ इलेक्ट्रॉनिक रूप से यहाँ उपलब्ध है:
http://www.oregon.gov/ode/rules-and-policies/Pages/Procedural-Safeguards.aspx

State Board of Education (राज्य शिक्षा बोर्ड) की नीति है और Oregon Department of Education (ओरेगन शिक्षा विभाग) की प्राथमिकता है कि जाति, रंग, धर्म, लिंग, वैवाहिक स्थिति, यौन अभिविन्यास, राष्ट्रीय मूल, आयु या अक्षमता के आधार पर किसी भी शैक्षिक कार्यक्रम, गतिविधियाँ, या रोजगार में कोई भी भेदभाव या उत्पीड़न नहीं किया जाएगा। समान अवसर और गैर-भेदभाव के बारे में प्रश्न रखने वाले व्यक्तियों को Oregon Department of Education, 255 Capitol Street NE, Salem, Oregon 97310 से संपर्क करना चाहिए; फोन 503-947-5747

**अक्षम बच्चे**

इस पुस्तिका में दी गई जानकारी उन बच्चों के माता-पिता के लिए है जो Individuals with Disabilities Education Act (IDEA) (अक्षमता वाले व्यक्ति शिक्षा अधिनियम), भाग C और B के तहत प्रारंभिक हस्तक्षेप (Early Intervention - EI) या प्रारंभिक बचपन विशेष शिक्षा (Early Childhood Special Education - ECSE) के पात्र हैं या हो सकते हैं। सभी अक्षम बच्चे IDEA के तहत प्रारंभिक हस्तक्षेप या प्रारंभिक बचपन विशेष शिक्षा सेवाओं के पात्र नहीं हैं। कुछ बच्चों को ऐसी अक्षमता हो सकती है जो प्रमुख जीवन गतिविधियों को प्रभावित करती है लेकिन वे IDEA के तहत अक्षमता की श्रेणियों में से किसी एक की पात्रता की आवश्यकताओं को पूरा नहीं करते हैं। इन बच्चों को विभिन्न संघीय कानूनों द्वारा संभवतः संरक्षित किया जा सकता है, जैसे कि 1973 के Rehabilitation Act (पुनर्वास अधिनियम) की धारा 504 या Americans with Disabilities Education Act (अक्षमता वाले अमेरिकी शिक्षा अधिनियम) (ADA)। केवल धारा 504 के तहत संरक्षित व्यक्तियों के अधिकार कुछ मायनों में समान होते हैं और कुछ मायनों में इस पुस्तिका में वर्णित प्रक्रियात्मक रक्षोपायों से अलग होते हैं। धारा 504 के बारे में अधिक जानकारी के लिए, अपने EI/ECSE कार्यक्रम या ODE नागरिक अधिकार विशेषज्ञ से संपर्क करें।

## विषय सूची


परिचय . . . . . . . . . . 1

माता–पिता की भागीदारी . . . . . . . . . . 2

शैक्षिक रिकॉर्ड . . . . . . . . . . 3

रक्षोपाय . . . . . . . . . . 6

माता–पिता की सहमति . . . . . . . . . . 7

पूर्व लिखित सूचना . . . . . . . . . . 10

मूल्यांकन और पुनर्मूल्यांकन . . . . . . . . . . 12

स्वतंत्र शैक्षिक मूल्यांकन–केवल ECSE . . . . . . . . . . 13

असहमतियों का समाधान . . . . . . . . . . 14

निजी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चे – केवल ECSE . . . . . . . . . . 24

अनुशासन और अंतरिम वैकल्पिक शैक्षिक सेटिंग में स्थापन – केवल ECSE . . . . . . . . . . 26

संसाधन . . . . . . . . . . 31

परिचय

### यह पुस्तिका किसके लिए है?

यह पुस्तिका अक्षम बच्चों के माता-पिता को जन्म से लेकर किंडरगार्टन तक उनके शैक्षिक अधिकारों का अवलोकन प्रदान करती है, जिसे प्रक्रियात्मक रक्षोपाय भी कहा जाता है। यह पुस्तिका माता-पिता और स्थानापन्न अभिभावकों के लिए *प्रक्रियात्मक रक्षोपायों की सूचना* है। संघीय कानून की आवश्यकता है कि आपको सभी प्रक्रियात्मक रक्षोपायों के बारे में सूचित किया जाए, यहाँ तक कि वे भी जो शायद ही कभी छोटे बच्चों के साथ उत्पन्न होते हैं।

### मुझे इस पुस्तिका की प्रति कब प्राप्त करनी चाहिए?

कानून का कहना है कि यह *प्रक्रियात्मक रक्षोपायों की सूचना* आपको दी जानी चाहिए:

- साल में एक बार;
- जब आप प्रति मांगें;
- जब आपके बच्चे को पहली बार प्रारंभिक हस्तक्षेप (EI) या प्रारंभिक बचपन विशेष शिक्षा (ECSE) मूल्यांकन के लिए भेजा जाता है या जब आप मूल्यांकन का अनुरोध करते हैं, और,
- जब किसी स्कूल वर्ष में आपकी पहली शिकायत या आपका सम्यक प्रक्रिया अनुरोध प्राप्त होता है; और
- ECSE के लिए, जब आपके बच्चे के संबंध में अनुशासनात्मक निर्णय स्थापन में परिवर्तन होता है।

### यह पुस्तिका मुझे क्या जानकारी देगी?

यह पुस्तिका आपको प्रारंभिक हस्तक्षेप और प्रारंभिक बचपन विशेष शिक्षा में आपके अधिकारों के बारे में जानकारी देगी। यह पुस्तिका आपको IFSP, सेवाओं और कार्यक्रमों के बारे में विस्तृत जानकारी नहीं देगी। आप इन क्षेत्रों के बारे में अधिक जानकारी अपने बच्चे के सेवा समन्वयक, शिक्षक, कार्यक्रम प्रतिनिधि से बात करके, या ओरेगन शिक्षा विभाग (Oregon Department of Education - ODE) की वेबसाइट और इस पुस्तिका के अंत में सूचीबद्ध अन्य संसाधनों से प्राप्त कर सकते हैं।

इस पुस्तिका में “सार्वजनिक एजेंसी” शब्द का उपयोग स्कूल जिला, EI/ECSE कार्यक्रम या अन्य सार्वजनिक एजेंसी के मायने में करती है जो आपके बच्चे की EI/ECSE सेवाओं के कुछ पहलुओं के लिए उत्तरदायी है।

### इस पुस्तिका में वर्णित अधिकार कहाँ से आते हैं?

अक्षम व्यक्ति शिक्षा अधिनियम (IDEA) एक संघीय विशेष शिक्षा कानून है जो राज्यों को पात्र अक्षम बच्चों के लिए EI और ECSE सेवाएँ प्रदान करने की आवश्यकता की मांग करता है।

### EI और ECSE में क्या अंतर है?

प्रारंभिक हस्तक्षेप (EI) का अर्थ है जो सेवाएँ अक्षम बच्चों के लिए जन्म से लेकर तीन वर्ष की आयु तक बच्चे की विकासात्मक आवश्यकताओं और बच्चे के विकास को बढ़ाने से संबंधित परिवार की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए तैयार की गई हैं। EI सेवाएँ उन सेटिंग में प्रदान की जाती हैं जो बिना अक्षमता वाले बच्चों के लिए प्राकृतिक या विशिष्ट हैं, जब तक कि बच्चे को अधिक विशिष्ट सेटिंग की आवश्यकता न हो। इन सेवाओं का वर्णन आपके बच्चे के IFSP में दिया गया है।

प्रारंभिक बचपन विशेष शिक्षा (ECSE) का अर्थ है तीन साल की आयु से पब्लिक स्कूल की पात्रता की आयु तक अक्षम बच्चों की विशिष्ट आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए सेवाएँ।

ECSE सेवाओं के लिए पात्र बच्चों को निःशुल्क उपयुक्त सार्वजनिक शिक्षा (FAPE) प्रदान किया जाना आवश्यक है। FAPE का अर्थ है आपके बच्चे को उसकी शिक्षा से लाभान्वित करने के लिए आवश्यक विशेष शिक्षा और संबंधित सेवाएँ। इन सेवाओं का वर्णन आपके बच्चे के IFSP में दिया

गया है। कानून कहता है कि टीम को आपके बच्चे को "कम-से-कम प्रतिबंधात्मक वातावरण" में रखना चाहिए। इसका अर्थ है कि आपके बच्चे को, आपके बच्चे के IFSP के आधार पर, सबसे विशिष्ट प्रकार के कार्यक्रम में रखा जाना चाहिए जो आपके बच्चे की आवश्यकताओं को पूरा करेगा।

**एक IFSP क्या होता है?**

IFSP का अर्थ है वैयक्तिकृत पारिवारिक सेवा योजना (Individualized Family Service Plan)। आपके, आपके बच्चे के शिक्षक, और अन्य लोग सहित एक टीम, इन सेवाओं को, यह तय करने के बाद तैयार करती है, कि क्या आपके बच्चे को अक्षमता है या नहीं, और क्या यह विशेष शिक्षा के मानदंडों को पूरा करता है जो कानून में दिए गए हैं। IFSP आपके बच्चे को प्रदान की जाने वाली सेवाओं का वर्णन करता है। IFSP टीम में आप, आपके बच्चे के शिक्षक और अन्य लोग शामिल हैं। IFSP टीम आपके बच्चे की मूल्यांकन जानकारी की समीक्षा करती है, आपके बच्चे के लिए मापने योग्य लक्ष्यों की पहचान करती है, और उन लक्ष्यों तक पहुँचने के लिए आपके बच्चे की आवश्यकताओं और सेवाओं का निर्धारण करती है। आप अपने बच्चे के सेवा समन्वयक, शिक्षक या अन्य कार्यक्रम कर्मचारियों से IFSPs के बारे में अधिक जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

**मैं अधिक जानकारी कहाँ से प्राप्त कर सकता/सकती हूँ?**

आपका स्थानीय EI/ECSE कार्यक्रम अधिक जानकारी के लिए पहला पड़ाव है। आपके बच्चे के सेवा समन्वयक सहित, कार्यक्रम में कई लोग हैं जो आपके बच्चे के लिए सेवाओं के बारे में प्रश्नों के उत्तर दे सकते हैं। आपके बच्चे के साथ काम करने वाले अन्य सेवा प्रदाता भी आपके लिए सहायक हो सकते हैं। अन्य संसाधन इस पुस्तिका के अंत में सूचीबद्ध हैं।

## माता-पिता की भागीदारी

**"माता-पिता" किसे माना जाता है?**

IDEA के तहत, माता-पिता इनमें से कोई हो सकते हैं:

- एक बच्चे के जनक या दत्तक माता-पिता;
- एक बच्चे के पालक माता-पिता;
- एक कानूनी अभिभावक (किसी राज्य एजेंसी के अतिरिक्त) या बच्चे के कल्याण के लिए कानूनी रूप से उत्तरदायी कोई अन्य व्यक्ति;
- एक जनक या दत्तक माता-पिता के स्थान पर माता-पिता के रूप में कार्य करने वाला व्यक्ति (दादा-दादी, सौतेले माता-पिता, या अन्य रिश्तेदार सहित) जिसके साथ बच्चा रहता है; या,
- सार्वजनिक एजेंसी या किशोर न्यायालय द्वारा नियुक्त कोई स्थानापन्न अभिभावक।
- यदि एक से अधिक व्यक्ति माता-पिता के रूप में कार्य करने के योग्य हैं, और जनक या दत्तक माता-पिता, माता-पिता के रूप में कार्य करने का प्रयास कर रहे हैं, तो जनक या दत्तक माता-पिता को IDEA के तहत माता-पिता माना जाता है। हालाँकि:
- यदि जनक या दत्तक माता-पिता के पास बच्चे के लिए शैक्षिक निर्णय लेने का कानूनी अधिकार नहीं है, तो यह नियम लागू नहीं होता है।
- यदि न्यायालय का कोई आदेश या न्यायिक डिक्री है जो बताए कि बच्चे के माता-पिता के रूप में कौन कार्य कर सकता है या जो बच्चे की ओर से शैक्षिक निर्णय ले सकता है, तो वह व्यक्ति विशेष शिक्षा उद्देश्यों के लिए माता-पिता होगा।

**क्या मुझे अपने बच्चे की EI/ECSE सेवाओं के बारे में निर्णय लेने में भाग लेने का अधिकार है?**

जी हाँ, आपकी भागीदारी मूल्यवान है। आपको अपने बच्चे की विशेष आवश्यकताओं, मूल्यांकन, EI/ECSE सेवाओं, जहाँ आपका बच्चा सेवाएँ (स्थापन) प्राप्त करता है, और आपके बच्चे की EI/ECSE सेवाओं से संबंधित अन्य मामलों के बारे में बैठकों में भाग लेने का अधिकार है। इसमें आपके बच्चे के IFSP को विकसित करने के लिए बैठकों में भाग लेने का अधिकार शामिल है।

**स्थानापन्न अभिभावक कौन है और उसकी आवश्यकता कब होती है?**

एक स्थानापन्न अभिभावक एक ऐसा व्यक्ति होता है जिसे विशिष्ट परिस्थितियों में अक्षम बच्चे के लिए शैक्षिक निर्णय लेने के लिए नियुक्त किया जाता है, जब माता-पिता की पहचान नहीं हो पाती या पता नहीं लगाया जा सकता है, या बच्चा न्यायालय का प्रतिपाल्य है। प्रत्येक EI/ECSE कार्यक्रम में यह

निर्धारित करने कि क्या बच्चे को स्थानापन्न अभिभावक की आवश्यकता है, और बच्चे को स्थानापन्न अभिभावक सौंपने की, विधि होती है। स्थानापन्न अभिभावक के रूप में चुना गया व्यक्ति: (1) का ऐसा कोई हित नहीं हो सकता है जो उस बच्चे के हितों के साथ टकराव करता है जिसका वह प्रतिनिधित्व करता है और (2) बच्चे का पर्याप्त प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने के लिए उसके पास ज्ञान और कौशल होना चाहिए। स्थानापन्न अभिभावक IFSP बैठकों में माता-पिता के रूप में भाग लेता है और उसके पास इस पुस्तिका में वर्णित सभी अधिकार होते हैं।

## शैक्षिक रिकॉर्ड

**क्या मैं अपने बच्चे की शिक्षा के रिकॉर्ड देख सकता/सकती हूँ?**

जी हाँ। दो कानून, पारिवारिक शैक्षिक अधिकार और गोपनीयता अधिनियम (Family Educational Rights and Privacy Ac - FERPA) और IDEA, आपको अपने बच्चे के सभी शैक्षिक रिकॉर्ड को देखने का अधिकार प्रदान करते हैं। यदि आप रिकॉर्ड देखना चाहते हैं तो अपने बच्चे के शिक्षक, सेवा समन्वयक या कार्यक्रम प्रशासक से कहें।

यदि आप अपने बच्चे के रिकॉर्ड देखने की मांग करते हैं, तो आपके बच्चे के कार्यक्रम को इसकी व्यवस्था करनी होगी:

- अनावश्यक देरी के बिना;
- आपके बच्चे के IFSP के बारे में किसी भी बैठक से पहले;
- आपके बच्चे से संबंधित किसी भी सम्यक प्रक्रिया सुनवाई से पहले (आपके बच्चे से संबंधित समाधान बैठक या अनुशासन संबंधित बैठक सहित); और, किसी भी मामले में,
- EI के लिए: आपके अनुरोध के 10 कैलेंडर दिनों के भीतर;
- ECSE के लिए: आपके अनुरोध के 45 कैलेंडर दिनों के भीतर।

आमतौर पर, शैक्षिक रिकॉर्ड को देखने के लिए कार्यक्रम प्रशासक से अनुरोध किया जाता है। शिक्षा रिकॉर्ड का निरीक्षण और समीक्षा करने के आपके अधिकार में शामिल हैं:

1. रिकॉर्ड के स्पष्टीकरण और व्याख्या के लिए आपके उचित अनुरोधों पर EI/ECSE कार्यक्रम से उत्तर का आपका अधिकार;
2. यदि आप उन प्रतियों को प्राप्त किए बिना प्रभावी रूप से रिकॉर्ड का निरीक्षण और समीक्षा नहीं कर सकते हैं, तो EI/ECSE कार्यक्रम से रिकॉर्ड की प्रतियाँ प्रदान करने का अनुरोध करने का आपका अधिकार; **और,**
3. अपने प्रतिनिधि से अभिलेखों का निरीक्षण और समीक्षा कराने का आपका अधिकार।

EI/ECSE कार्यक्रम को यह मान लेना चाहिए कि आपको अपने बच्चे से संबंधित रिकॉर्ड का निरीक्षण और समीक्षा करने का अधिकार है, जब तक कि उन्हे सलाह नहीं दी जाती है कि आपके पास अभिभावकता, अलगाव और तलाक जैसे मामलों को नियंत्रित करने वाले लागू ओरेगन कानून के तहत अधिकार नहीं है।

प्रत्येक EI/ECSE कार्यक्रम को उन शिक्षा रिकॉर्ड तक पहुंच प्राप्त करने वाले पक्षों का रिकॉर्ड रखना चाहिए, जो IDEA के तहत एकल, बनाए रखे, या उपयोग किए जाते है (माता-पिता और भागीदार एजेंसी के अधिकृत कर्मचारियों द्वारा पहुंच को छोड़कर), जिसमें पक्ष का नाम, पहुँच करने की तिथि और उद्देश्य जिसके लिए पक्ष को रिकॉर्ड का उपयोग करने के लिए अधिकृत किया गया है, शामिल हैं।

यदि किसी शिक्षा रिकॉर्ड में एक से अधिक बच्चों की जानकारी शामिल है, तो उन बच्चों के माता-पिता को केवल अपने बच्चे से संबंधित जानकारी का निरीक्षण और समीक्षा करने या उस विशिष्ट जानकारी के बारे में सूचित होने का अधिकार है।

अनुरोध पर, EI/ECSE कार्यक्रम को आपको एजेंसी द्वारा एकल, संभाले या उपयोग किए गए शिक्षा रिकॉर्ड के प्रकारों और स्थानों की सूची प्रदान करना आवश्यक होगा।

EI/ECSE कार्यक्रम IDEA के तहत आपके लिए बनाए गए रिकॉर्ड की प्रतियों के लिए फीस ले सकती है, बशर्ते यह फीस आपको उन रिकॉड का निरीक्षण और समीक्षा करने के अपने अधिकार का उपयोग करने से प्रभावी ढंग से नहीं रोकता है। EI/ECSE कार्यक्रम IDEA के तहत जानकारी खोजने या पुनःप्राप्त करने के लिए फीस नहीं ले सकती है।

हालांकि, EI के लिए, आपके EI/ECSE कार्यक्रम को आपको यह नि:शुल्क प्रदान करना चाहिए:

1. बच्चे के प्रारंभिक हस्तक्षेप (EI) रिकॉर्ड की प्रारंभिक प्रति;
2. प्रत्येक मूल्यांकन, आपके बच्चे के मूल्यांकन, पारिवारिक मूल्यांकन, और प्रत्येक IFSP के बाद जितनी जल्दी हो सके IFSP, की प्रति।

**यदि मैं अपने बच्चे के शैक्षिक रिकॉर्ड को ठीक करना चाहूँ तो मुझे क्या करना होगा?**

EI के लिए: यदि आप समझते हैं कि आपके बच्चे या स्वयं आपके बारे में शिक्षा रिकॉर्ड में जानकारी गलत, भ्रामक, या आपके बच्चे की गोपनीयता या अन्य अधिकारों का उल्लंघन करती है, तो आप उस EI/ECSE कार्यक्रम से जो जानकारी संभालती है, जानकारी को बदलने का अनुरोध कर सकते है।

ECSE के लिए: यदि आप समझते हैं कि आपके बच्चे के बारे में शिक्षा रिकॉर्ड में जानकारी गलत, भ्रामक, या आपके बच्चे की गोपनीयता या अन्य अधिकारों का उल्लंघन करती है, तो आप उस EI/ECSE कार्यक्रम से जो जानकारी संभालती है, जानकारी को बदलने का अनुरोध कर सकते है।

EI/ECSE कार्यक्रम को आपका अनुरोध प्राप्त होने के उचित समय के भीतर यह निर्धारित करना होगा कि आपके अनुरोध के अनुसार जानकारी को बदलना है या नहीं। यदि EI/ECSE कार्यक्रम आपके द्वारा अनुरोध की गई जानकारी को बदलने से इंकार करता है, तो उसे आपको उसके इनकार और सुनवाई के आपके अधिकार के बारे में सूचित करना चाहिए।

EI/ECSE कार्यक्रम को, अनुरोध पर, आपको अपने बच्चे के संबंध में शिक्षा रिकॉर्ड में जानकारी को यह सुनिश्चित करने के लिए चुनौती देने के लिए सुनवाई का अवसर प्रदान करना आवश्यक होगा कि यह गलत, भ्रामक, या अन्यथा आपके बच्चे की गोपनीयता या अन्य अधिकारों का उल्लंघन नहीं करती है।

Family Educational Rights and Privacy Act (पारिवारिक शैक्षिक अधिकार और गोपनीयता अधिनियम) (FERPA) के तहत ऐसी सुनवाई के लिए प्रक्रियाओं के अनुसार शिक्षा रिकॉर्ड में जानकारी को चुनौती देने के लिए सुनवाई आयोजित की जानी चाहिए।

सुनवाई के परिणामस्वरूप, यदिEI/ECSE कार्यक्रम यह निर्णय लेता है कि जानकारी गलत, भ्रामक है या अन्यथा बच्चे की गोपनीयता या अन्य अधिकारों का उल्लंघन करती है, तो उसे जानकारी को बदलना होगा और आपको लिखित रूप में सूचित करना होगा।

सुनवाई के परिणामस्वरूप, यदि EI/ECSE कार्यक्रम यह निर्णय लेता है कि जानकारी गलत, भ्रामक, या अन्यथा आपके बच्चे की गोपनीयता या अन्य अधिकारों का उल्लंघन नहीं करती है, तो उसे उसके द्वारा संभाले गए रिकॉर्ड में आपको जानकारी पर टिप्पणी करने वाला एक बयान डालने या कोई कारण प्रदान करने कि आप EI/ECSE कार्यक्रम के निर्णय से क्यूँ असहमत हैं, के आपके अधिकार के बारे में सूचित करना आवश्यक होगा।

आपका स्पष्टीकरण को:

1. EI/ECSE कार्यक्रम द्वारा अपने बच्चे के रिकॉर्ड के भाग के रूप में तब तक बनाए रखा जाना चाहिए जब तक कि EI/ECSE कार्यक्रम द्वारा रिकॉर्ड या विरोध किया भाग बनाए रखा जाता है; **<u>और</u>**,
2. यदि EI/ECSE कार्यक्रम आपके बच्चे के रिकॉर्ड या चुनौती दी गई भाग का किसी पक्ष को खुलासा करता है, तो उस पक्ष को स्पष्टीकरण भी प्रकट किया जाना चाहिए।

**"व्यक्तिगत रूप से पहचाने जाने योग्य" जानकारी क्या है?**

व्यक्तिगत रूप से पहचाने जाने योग्य जानकारी को FERPA, 34 CFR 99.1 से 99.38 में परिभाषित किया गया है, जो प्रारंभिक हस्तक्षेप और प्रारंभिक बचपन विशेष शिक्षा रिकॉर्ड सहित अक्षम बच्चों के रिकॉर्ड की सुरक्षा करता है। IDEA भी 34 CFR भाग 99, FERPA में पाए गए "शिक्षा रिकॉर्ड" की परिभाषा को अपनाता है। EI के लिए, शिक्षा रिकॉर्ड का अर्थ प्रारंभिक हस्तक्षेप रिकॉर्ड है।

व्यक्तिगत रूप से पहचाने जाने योग्य जानकारी में निम्नलिखित जानकारी शामिल है:

(a) आपके बच्चे का नाम, माता-पिता के रूप में आपका नाम, या परिवार के किसी अन्य सदस्य का नाम;

(b) आपके बच्चे का पता;

(c) एक व्यक्तिगत पहचान-चिह्न, जैसे आपके बच्चे की सामाजिक सुरक्षा संख्या या छात्र संख्या;

(d) व्यक्तिगत विशेषताओं की सूची या अन्य जानकारी जो उचित निश्चितता के साथ आपके बच्चे की पहचान करना संभव बनाती है;

(e) अन्य जानकारी, जैसे आपके बच्चे की जन्म तिथि, जन्म स्थान और माता का विवाह से पहले का नाम।

**क्या मेरे बच्चे के शैक्षिक रिकॉर्ड गोपनीय हैं?**

जी हाँ, पारिवारक शैक्षिक अधिकार और गोपनीयता अधिनियम (FERPA) और IDEA भी आपके बच्चे के शिक्षा रिकॉर्ड और व्यक्तिगत रूप से पहचाने जाने योग्य जानकारी की गोपनीयता की रक्षा करते हैं।

प्रत्येक EI/ECSE कार्यक्रम को संग्रह, भंडारण, प्रकटीकरण और विनाश के चरणों में व्यक्तिगत रूप से पहचान योग्य जानकारी की गोपनीयता की रक्षा करनी चाहिए।

प्रत्येक भागीदार एजेंसी के एक अधिकारी को व्यक्तिगत रूप से पहचान योग्य किसी भी जानकारी की गोपनीयता सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी लेनी चाहिए।

व्यक्तिगत रूप से पहचान योग्य जानकारी एकत्र करने या उपयोग करने वाले सभी व्यक्तियों को IDEA और FERPA के तहत गोपनीयता के संबंध में ओरेगन की नीतियों और प्रक्रियाओं के बारे में प्रशिक्षण या निर्देश प्राप्त करना होगा।

प्रत्येक EI/ECSE कार्यक्रम को, सार्वजनिक निरीक्षण के लिए, एजेंसी के भीतर उन कर्मचारियों के नामों और पदों की एक वर्तमान सूची बनाए रखना चाहिए, जिनकी व्यक्तिगत रूप से पहचान योग्य जानकारी तक पहुँच हो सकती है।

जब तक जानकारी शिक्षा रिकॉर्ड में निहित नहीं है, और प्रकटीकरण Family Educational Rights and Privacy Act (पारिवारक शैक्षिक अधिकार और गोपनीयता अधिनियम) (FERPA) के तहत माता-पिता की सहमति के बिना अधिकृत किया गया है, तब तक आपके बच्चे के EI/ECSE कार्यक्रम के अधिकारियों के अलावा अन्य पक्षों को व्यक्तिगत रूप से पहचाने जाने योग्य जानकारी का खुलासा किए जाने से पहले आपको लिखित रूप में सहमति देना आवश्यक है।

नीचे निर्दिष्ट परिस्थितियों को छोड़कर, IDEA की आवश्यकता को पूरा करने के उद्देश्य से भागीदार एजेंसियों के अधिकारियों को व्यक्तिगत रूप से पहचान योग्य जानकारी जारी करने से पहले आपकी सहमति की आवश्यकता नहीं है।

ECSE के लिए: यदि आपने अपने बच्चे को एक निजी स्कूल में भर्ती किया है जो उसी स्कूल जिले में स्थित नहीं है जिसमें आप रहते हैं, तो उनअधिकारियों जहाँ निजी स्कूल स्थित है, और स्कूल जिले के उन अधिकारियों जहाँ आप रहता हैं, के बीच आपके बच्चे के बारे में किसी भी व्यक्तिगत रूप से पहचान योग्य जानकारी को  जारी किए जाने से पहले आपकी सहमति प्राप्त की जानी चाहिए।

### रक्षोपाय

आम तौर पर, आपको अपने बच्चे के EI/ECSE कार्यक्रम के अधिकारियों के अलावा अन्य लोगों को अपने बच्चे के शिक्षा रिकॉर्ड देखने के लिए लिखित सहमति देना आवश्यक होगा, जब तक कि प्रकटीकरण FERPA के तहत माता-पिता की सहमति के बिना और IDEA के तहत EI के लिए अधिकृत न हो।

आम तौर पर, FERPA अधिकृत करता है कि आपके बच्चे के रिकॉर्ड आपकी सहमति के बिना इन्हें जारी किए जा सकते हैं:

- शिक्षक और अन्य कार्यक्रम कर्मचारी जिनके पास "वैध शैक्षिक रुचि" है;
- एक अन्य कार्यक्रम, जिला या शैक्षिक एजेंसी, यदि आप उस जिला या एजेंसी में स्थानांतरित हो रहे हैं या सेवाएँ प्राप्त कर रहे हैं।

पारिवारिक शिक्षा अधिकार और गोपनीयता अधिनियम (FERPA) में वर्णित सीमित परिस्थितियों में आपके बच्चे के रिकॉर्ड आपकी सहमति के बिना भी जारी किए जा सकते हैं। उदाहरण के लिए, न्यायालय के आदेश का पालन करने के लिए, या स्वास्थ्य या सुरक्षा आपात स्थिति में, आपकी लिखित सहमति की आवश्यकता नहीं होती है। कुछ जानकारी, जैसे कि आपके बच्चे का नाम, पता और गतिविधियाँ, "निर्देशिका जानकारी" के रूप में जारी की जा सकती हैं, **यदि** आपने निर्देशिका जानकारी जारी करने से इनकार करने वाले दस्तावेज़ पर हस्ताक्षर नहीं किए हैं। अपने कार्यक्रम की संपूर्ण रिकॉर्ड नीति की प्रति के लिए अपने कार्यक्रम से संपर्क करें।

आपके EI/ECSE कार्यक्रम को आपको सूचित करना चाहिए कि कब आपके बच्चे को EI/ECSE सेवाएँ प्रदान करने के लिए व्यक्तिगत रूप से पहचाने जाने योग्य जानकारी को एकत्रित, बनाए राखे, या उपयोग करने की आवश्यकता नहीं है या अब लागू संघीय और राज्य कानूनों के तहत बनाए रखने की आवश्यकता नहीं है।

आपके अनुरोध पर जानकारी को नष्ट कर दिया जाना चाहिए। (नष्ट करना का अर्थ है जानकारी से व्यक्तिगत पहचान-चिन्हों को भौतिक रूप से नष्ट करना या हटाना ताकि जानकारी अब व्यक्तिगत रूप से पहचान योग्य न हो।)

हालांकि, आपके बच्चे का नाम, पता और फोन नंबर और EI/ECSE भागीदारी का एक स्थायी रिकॉर्ड बिना समय सीमा के रखा जा सकता है। EI के लिए, स्थायी रिकॉर्ड में सेवा समन्वयकों और EI प्रदाताओं के नाम, निकास डेटा (निकास के वर्ष और आयु सहित, और निकास के समय दाखिल होने वाले किसी भी कार्यक्रम) को शामिल किया जा सकता है।

माता-पिता की सहमति

### "सहमति" का अर्थ क्या है?

*सहमति* का अर्थ है:

1. जिस कार्रवाई के लिए आप सहमति दे रहे हैं, उसके बारे में आपको अपनी देशीय भाषा या संचार के अन्य माध्यम (जैसे सांकेतिक भाषा, ब्रेल, या मौखिक संचार) द्वारा पूरी तरह सूचित किया गया है।
2. आप उस कार्रवाई को लिखित रूप में समझते हैं और सहमति देते हैं, और यह सहमति उस कार्रवाई का वर्णन करती है और उन रिकॉर्ड्स (यदि कोई हो) को सूचीबद्ध करती है जिन्हें जारी किया जाएगा और किसे; **और**
3. आप यह समझते हैं कि यह सहमति आपकी ओर से स्वैच्छिक है और आप किसी भी समय अपनी सहमति वापस ले सकते हैं।

### क्या मेरे बच्चे का मूल्यांकन किए जाने के लिए मेरी सहमति आवश्यक है?

जी हाँ। आपके बच्चे का मूल्यांकन या पुनर्मूल्यांकन करने से पहले सार्वजनिक एजेंसी द्वारा आपको लिखित नोटिस दिया जाना चाहिए और आपकी सूचित लिखित सहमति प्राप्त करनी चाहिए। सार्वजनिक एजेंसी को आपके बच्चे के साथ प्रयोग किए जाने वाले परीक्षणों के बारे में आपको अवश्य सूचित करना चाहिए।

प्रारंभिक मूल्यांकन के लिए आपकी सहमति का अर्थ यह नहीं है कि आपने अपने बच्चे को ECSE सेवाएँ प्रदान करना आरंभ करने के लिए ECSE कार्यक्रम को अपनी सहमति भी प्रदान की है।

### क्या मेरे बच्चे के मूल्यांकन के लिए मेरी सहमति की आवश्यकता का कोई अपवाद हैं?

जी हाँ। इन से पहले माता-पिता की सहमति आवश्यक नहीं है: (1) मूल्यांकन या पुनर्मूल्यांकन के भाग के रूप में मौजूदा जानकारी की समीक्षा करना; (2) एक परीक्षण या मूल्यांकन देना जो सभी बच्चों को दिया जाता है (जब तक कि परीक्षण करने से पहले सभी बच्चों के माता-पिता की सहमति आवश्यक न हो) या (3) मूल्यांकन परीक्षण, प्रक्रिया या साधन आयोजित करना जो बच्चे के IFSP पर प्रगति का निर्धारण करने के एक उपाय के रूप में पहचाने गए हैं।

साथ ही, ECSE के लिए, सार्वजनिक एजेंसी आपकी लिखित सहमति के बिना आपके बच्चे का पुनर्मूल्यांकन कर सकती है यदि उसने आपकी सहमति प्राप्त करने के लिए उचित कदम उठाए हैं और आपने उत्तर नहीं दिया है। बुद्धि या व्यक्तित्व परीक्षण करने से पहले राज्य के नियमों के अनुसार अभी भी माता-पिता की सहमति की आवश्यकता है।

### क्या मैं अपने बच्चे के मूल्यांकन या पुनर्मूल्यांकन के लिए सहमति देने से इंकार कर सकता/सकती हूँ?

जी हाँ, आप अपने बच्चे के मूल्यांकन या पुनर्मूल्यांकन के लिए सहमति देने से इंकार कर सकते हैं। भ्रम से बचने के लिए, यदि आप सहमति से इंकार करना चाहते हैं तो आपको सार्वजनिक एजेंसी को लिखित रूप में सूचित करना चाहिए।

ECSE के लिए: यदि आप पुनर्मूल्यांकन के मूल्यांकन के लिए सहमति देने से इनकार करते हैं, तो सार्वजनिक एजेंसी सम्यक प्रक्रिया सुनवाई के माध्यम से आपके बच्चे का मूल्यांकन करने की मांग कर सकती है, यदि उसे लगता है कि मूल्यांकन आपके बच्चे के लिए आवश्यक है। आप और सार्वजनिक एजेंसी आपकी असहमति को सुलझाने के लिए मध्यस्थता का प्रयास करने के लिए सहमत हो सकते हैं। प्रारंभिक मूल्यांकनों की तरह, ECSE कार्यक्रम IDEA के तहत अपने दायित्वों का उल्लंघन नहीं करता है यदि वह इस तरह से पुनर्मूल्यांकन को आगे नहीं बढ़ाता है।

### क्या मैं मूल्यांकन के लिए अपनी सहमति वापस ले सकता/सकती हूँ?

आपके द्वारा अपने बच्चे के मूल्यांकन या पुनर्मूल्यांकन के लिए सार्वजनिक एजेंसी को लिखित सहमति देने के बाद, आप केवल उन मूल्यांकन गतिविधियों के लिए अपनी सहमति रद्द कर सकते हैं जो अभी पूरी नहीं हुई हैं।

### क्या मेरे बच्चे को EI सेवाएँ प्राप्त करने के लिए मेरी सहमति आवश्यक है?

जी हाँ, कार्यक्रम द्वारा आपके बच्चे को EI सेवाएँ प्रदान किए जाने से पहले आपको अपनी सूचित लिखित सहमति देना आवश्यक है। आपके बच्चे के IFSP में वर्णित प्रत्येक EI सेवा के लिए आपकी सहमति आवश्यक है। यदि आप कोई सेवा अस्वीकार या अस्वीकार करते हैं, तो वह सेवा

प्रदान नहीं की जाएगी। अन्य EI सेवाएँ तब भी प्रदान की जाएँगी।

**क्या मेरे बच्चे को ECSE सेवाएँ प्राप्त करने के लिए मेरी सहमति आवश्यक है?**

जी हाँ, ECSE एक विशेष शिक्षा कार्यक्रम है। कार्यक्रम द्वारा पहली बार किसी ECSE कार्यक्रम में आपके बच्चे को रखने से पहले आपको अपनी सूचित लिखित सहमति देना आवश्यक है। जब आप ECSE सेवाओं के लिए सहमति देते हैं, तो आप अपने बच्चे को भाग B IDEA सेवाओं में भाग लेने के लिए सहमति दे रहे हैं, जिसमें स्कूल-आयु विशेष शिक्षा सेवाएँ शामिल हैं, यदि आपका बच्चा स्कूल-आयु में पात्र बना रहता है।

**ECSE कार्यक्रमों में बच्चों के लिए सार्वजनिक लाभ और बीमा (जैसे मेडिकेड) के उपयोग के लिए सहमति (यानी 3-21 आयु वर्ग के बच्चे)**

ECSE कार्यक्रम द्वारा पहली बार आपके सार्वजनिक बीमा (उदाहरण के लिए, मेडिकेड) तक पहुँच प्राप्त करने से पहले माता-पिता की सूचित, लिखित लिखित सहमति आवश्यक है। इस सहमति में विनिर्दिष्ट होना चाहिए: (क) व्यक्तिगत रूप से पहचाने जाने योग्य जानकारी जिसका प्रकटीकरण किया जा सकता है (उदाहरण के लिए, प्रदान की जा सकने वाली सेवाओं के बारे में जानकारी के रिकॉर्ड); (ख) प्रकटीकरण का उद्देश्य (उदाहरण के लिए, सेवाओं के लिए बिलिंग); और (ग) वह एजेंसी जिको प्रकटीकरण किया जा सकता है (उदाहरण के लिए, मेडिकेड)। इस सहमति में यह भी विनिर्दिष्ट होना चाहिए कि माता-पिता यह समझते हैं और सहमत हैं कि सार्वजनिक एजेंसी सेवाओं के भुगतान के लिए बच्चे या माता-पिता के सार्वजनिक लाभों या बीमा का उपयोग कर सकती है।

इस सहमति का अनुरोध करने से पहले और बच्चे या माता-पिता के सार्वजनिक लाभों को पहली बार उपयोग करने से पहले, स्कूल जिला को आपको लिखित सूचना देनी होगी। सार्वजनिक लाभों का उपयोग करने की सहमति प्राप्त करने के बाद स्कूल जिला को **हर वर्ष** आपको यह लिखित सूचना प्रदान करनी होगी।

**क्या EI/ECSE सेवाओं के लिए सार्वजनिक या निजी लाभों या बीमा का उपयोग करने के लिए मेरी सहमति आवश्यक है?**

आपके बच्चे के लिए EI/ECSE सेवाएँ आपको या आपके परिवार को निःशुल्क प्रदान की जाती हैं। हालांकि, सेवाएँ प्रदान करने वाला आपका कार्यक्रम आपके या आपके बच्चे के सार्वजनिक बीमा या लाभ (जैसे मेडिकेड या ओरेगन हेल्थ प्लान) या निजी बीमा को EI/ECSE सेवाओं के भुगतान में सहायता करने के लिए बिल करने के लिए कह सकता है। ऐसा करने के लिए आपके कार्यक्रम के पास आपकी लिखित सहमति होनी चाहिए। यदि आपका बच्चा तीन वर्ष या उससे अधिक आयु का है, तो आवश्यक सहमति और सूचना जानकारी ऊपर सूचीबद्ध है।

आपके या आपके बच्चे के सार्वजनिक या निजी बीमा को उन सेवाओं के लिए बिल नहीं किया जा सकता है जीके लिए आपका बच्चा बिना किसी लागत पर प्राप्त करने के पात्र है, जैसे:

1. आपके बच्चे का निर्धारण और मूल्यांकन;
2. आपके या आपके बच्चे के लिए सेवा समन्वय;
3. IFSP का विकास, समीक्षा और मूल्यांकन।

यदि आप अपने या अपने बच्चे के बीमा को सेवाओं के लिए बिल किए जाने के लिए अपनी सहमति देते हैं, तो आपका कार्यक्रम उन सेवाओं से संबंधित कटौती या सह-भुगतान जैसी लागतों के लिए भुगतान करेगा। यदि आप बीमा की बिलिंग से जुड़ी लागतों से असहमत हैं, तो आप “असहमतियों का समाधान” में उल्लिखित किसी भी प्रक्रिया का उपयोग कर सकते हैं।

सार्वजनिक या निजी बीमा वाले परिवारों के लिए सेवाओं के लिए कोई अतिरिक्त लागत नहीं है। भुगतान करने में असमर्थता या आपके सार्वजनिक या निजी बीमा के उपयोग के लिए आपकी सहमति से इनकार करने के कारण सेवाओं में देरी या इनकार नहीं किया जाएगा।

**क्या मैं अपने बच्चे द्वारा ECSE सेवाएँ प्राप्त करने के लिए सहमति देने से इंकार कर सकता/सकती हूँ?**
जी हाँ, आप विशेष शिक्षा में अपने बच्चे की प्रारंभिक स्थापन के लिए सहमति देने से इंकार कर सकते हैं। भ्रम से बचने के लिए, यदि आप सहमति से इंकार करना चाहते हैं तो आपको कार्यक्रम को लिखित रूप में सूचित करना चाहिए।

यदि आप आपके बच्चे द्वारा ECSE और संबंधित सेवाएँ प्राप्त करना शुरू करने के बाद अपनी सहमति को वापस लेना (रद्द करना) चाहते हैं, तो आपको ऐसा लिखित रूप में करना होगा। आपके द्वारा सहमति वापस लेने से ऐसे किसी कार्रवाई को नकारा (पूर्ववत) नहीं किया जाता है जो आपकी सहमति देने के बाद लेकिन आपके द्वारा इसे वापस लेने से पहले हुई हो। इसके अतिरिक्त, ECSE कार्यक्रम के लिए आवश्यक नहीं है कि आपके द्वारा सहमति वापस लेने के बाद आपके बच्चे के शिक्षा रिकॉर्ड में संशोधन (बदलाव) करके आपके बच्चे द्वारा ECSE और संबंधित सेवाएँ प्राप्त

करने के बारे में किसी भी संदर्भ को हटाया जाए।

यदि आप पहली बार अपने बच्चे को ECSE और संबंधित सेवाएँ प्राप्त करने के लिए अपनी सहमति प्रदान करने के अनुरोध का उत्तर नहीं देते हैं, या यदि आप ऐसी सहमति देने से इनकार करते हैं या बाद में लिखित रूप में अपनी सहमति को वापस लेते (रद्द करते) हैं, तो आपका ECSE कार्यक्रम, ECSE और संबंधित सेवाएँ (जो आपके बच्चे की IFSP टीम द्वारा अनुशंसित हैं) आपकी सहमति बिना प्रदान करने के लिए समझौता या निर्णय प्राप्त करने के लिए प्रक्रियात्मक रक्षोपायों (यानी, मध्यस्थता, सम्यक प्रक्रिया शिकायत, समाधान बैठक, या निष्पक्ष सम्यक प्रक्रिया सुनवाई) का उपयोग न करें।

यदि आप अपने बच्चे को पहली बार ECSE सेवाएँ प्राप्त करने के लिए अपनी सहमति देने से इनकार करते हैं, या यदि आप ऐसी सहमति प्रदान करने के अनुरोध का उत्तर नहीं देते हैं या बाद में लिखित रूप में अपनी सहमति वापस लेते (रद्द करते) हैं और ECSE कार्यक्रम आपके बच्चे को ECSE सेवाएँ नहीं प्रदान करता है जिनके लिए उसने आपकी सहमति मांगी थी, तो ECSE कार्यक्रम:

1. आपके बच्चे को यह सेवाएँ प्रदान करने में विफलता के लिए वे आपके बच्चे को निःशुल्क उपयुक्त सार्वजनिक शिक्षा (FAPE) उपलब्ध कराने की उस आवश्यकता का उल्लंघन नहीं है; **<u>और</u>,**
2. जिन ECSE सेवाओं के लिए आपकी सहमति का अनुरोध किया गया था, उनके लिए आपके बच्चे के लिए IFSP बैठक करने या IFSP विकसित करने की आवश्यकता नहीं है।

यदि आप अपने बच्चे को पहली बार ECSE और संबंधित सेवाएँ प्रदान करने के बाद किसी भी समय लिखित रूप में अपनी सहमति को वापस लेते (रद्द करते) हैं, तो ECSE कार्यक्रम ऐसी सेवाएँ प्रदान करना जारी रखना बंद कर सकता है, लेकिन उन सेवाओं को बंद करने से पहले आपको पूर्व लिखित सूचना प्रदान करना आवश्यक है, जैसा कि शीर्षक ***पूर्व लिखित सूचना*** में वर्णित है।

**राज्य के प्रतिपाल्य (वार्ड) के प्रारंभिक मूल्यांकन के लिए विशेष नियम**

यदि कोई बच्चा राज्य का प्रतिपाल्य है और माता-पिता के साथ नहीं रह रहा है, तो ECSE कार्यक्रम को यह निर्धारित करने के लिए प्रारंभिक मूल्यांकन के लिए माता-पिता से सहमति की आवश्यकता नहीं है कि क्या बच्चा अक्षम है या नहीं, यदि:

1. उचित प्रयासों के बावजूद, ECSE कार्यक्रम बच्चे के माता-पिता का पता नहीं लगा पा रहा है;
2. माता-पिता के अधिकारों को राज्य के कानून के अनुसार समाप्त कर दिया गया है; **<u>या,</u>**
3. एक न्यायाधीश ने माता-पिता के बजाए किसी अन्य व्यक्ति को शैक्षिक निर्णय लेने और प्रारंभिक मूल्यांकन के लिए सहमति देने का अधिकार सौंप दिया है।

*राज्य का प्रतिपाल्य*, जैसा कि IDEA में उपयोग किया गया है, का अर्थ है कोई बच्चा जिसके बारे में उसके निवास के राज्य द्वारा निर्धारित किया जाता है कि:

1. एक पोष्य बच्चा है;
2. राज्य के कानून अनुसार राज्य का प्रतिपाल्य माना जाता है; **<u>या,</u>**
3. एक सार्वजनिक बाल कल्याण एजेंसी की अभिरक्षा में है।

*राज्य का प्रतिपाल्य* में पोष्य बच्चा शामिल नहीं है, जिसके पालक माता-पिता हैं। ओरेगन में, राज्य का प्रतिपाल्य ऐसा बच्चा होता है जो अस्थायी या स्थायी रूप से किशोर न्यायालय की कार्रवाई के माध्यम से Department of Human Services (मानव सेवा विभाग) की अभिरक्षा में है या उनके सुपुर्द है।

**सहमति की अन्य आवश्यकताएँ – ECSE**

ECSE कार्यक्रम को प्रारंभिक मूल्यांकन के लिए माता-पिता की सहमति प्राप्त करने, पहली बार ECSE सेवाएँ प्रदान करने, पुनर्मूल्यांकन तक और प्रारंभिक मूल्यांकन के लिए राज्य के प्रतिपाल्य बच्चों के माता-पिता का पता लगाने के अपने उचित प्रयासों का रिकॉर्ड रखना आवश्यक है। इस दस्तावेज़ीकरण में इन क्षेत्रों में ECSE कार्यक्रम के प्रयासों का रिकॉर्ड शामिल होना चाहिए, जैसे:

1. किए गए या टेलीफोन कॉलों इनके लिए प्रयास का विस्तृत रिकॉर्ड और उन कॉलों के परिणाम;

2. माता-पिता को भेजे गए पत्राचार की प्रतियाँ और प्राप्त कोई प्रतिक्रिया; **<u>और</u>**,

3. माता-पिता के घर या रोजगार के स्थान पर की गई मुलाकातें का विस्तृत रिकॉर्ड और उन मुलाकातों के परिणाम।

आपका EI/ECSE कार्यक्रम आपको या आपके बच्चे को किसी अन्य सेवा, लाभ, या गतिविधि से वंचित करने के लिए किसी एक सेवा या गतिविधि के लिए आपकी सहमति से इनकार का उपयोग नहीं कर सकता है।

यदि आपने अपनी लागत पर अपने बच्चे का नामांकन किसी निजी प्रीस्कूल में कराया है और आप अपने बच्चे के प्रारंभिक मूल्यांकन या अपने बच्चे के पुनर्मूल्यांकन के लिए अपनी सहमति प्रदान नहीं करते हैं, या आप अपनी सहमति प्रदान करने के अनुरोध का उत्तर नहीं देते हैं, तो ECSE कार्यक्रम सहमति उलटने की अपनी प्रक्रियाओं का उपयोग नहीं कर सकता है (यानी, मध्यस्थता, या एक निष्पक्ष सम्यक प्रक्रिया सुनवाई) और उसे आपके बच्चे को न्यायसंगत सेवाएँ (माता-पिता द्वारा निजी स्कूल में डाले गए अक्षम बच्चों के लिए उपलब्ध कराई गई सेवाएँ) प्राप्त करने के योग्य मानने की आवश्यकता नहीं है।

## पूर्व लिखित सूचना

आपके EI/ECSE कार्यक्रम को आपको लिखित सूचना अवश्य देनी (आपको लिखित रूप में कुछ जानकारी प्रदान करनी) चाहिए , जब भी वे:

1. आपके बच्चे की पहचान, मूल्यांकन, या शैक्षिक स्थापन आरंभ करने या बदलने, या जन्म से तीन वर्ष की आयु के बच्चे के लिए प्रारंभिक हस्तक्षेप सेवाओं का प्रावधान करने या तीन वर्ष से पाँच वर्ष के बच्चे के लिए निःशुल्क उपयुक्त सार्वजनिक शिक्षा (FAPE) का प्रावधान करने का प्रस्ताव करता है; **<u>या</u>**

2. आपके बच्चे की पहचान, मूल्यांकन, या शैक्षिक स्थापन आरंभ करने या बदलने, या जन्म से तीन वर्ष की आयु के बच्चे के लिए प्रारंभिक हस्तक्षेप सेवाओं का प्रावधान करने या तीन वर्ष से पाँच वर्ष के बच्चे के लिए FAPE का प्रावधान करने से इनकार करता है।

### कार्यक्रम को आपको पूर्व लिखित सूचना देना आवश्यक कब होता है?

निर्णय लेने में एक आवश्यक भागीदार होने के अतिरिक्त, आपके पास उन महत्वपूर्ण निर्णयों के बारे में कार्यक्रम द्वारा लिखित रूप से सूचित किए जाने का अधिकार है जो आपके बच्चे की EI/ECSE सेवाओं को प्रभावित करते हैं, उन निर्णयों को लागू किए जाने से उचित समय पहले। इनमें निम्नलिखित निर्णय शामिल हैं:

- अपने बच्चे को अक्षम बच्चे के रूप में पहचाने जाना, या अपने बच्चे की पात्रता को एक अक्षमता से दूसरी में बदलना;
- अपने बच्चे का मूल्यांकन या पुनर्मूल्यांकन करना;
- EI के लिए, अपने बच्चे को प्रारंभिक हस्तक्षेप सेवाएँ प्रदान करना या अपने बच्चे की EI सेवाओं के एक घटक को बदलना;
- ECSE के लिए, अपने बच्चे को निःशुल्क उपयुक्त सार्वजनिक शिक्षा प्रदान करना या अपने बच्चे की निःशुल्क उपयुक्त सार्वजनिक शिक्षा के एक घटक को बदलना;
- अपने बच्चे के लिए एक IFSP विकसित करना, या अपने बच्चे के IFSP को बदलना; **या**,
- अपने बच्चे को EI/ECSE सेवाओं में स्थापित करना या अपने बच्चे को EI/ECSE सेवाएँ प्राप्त करने का स्थान को बदलना।

जब कार्यक्रम इन कार्रवाइयों को करने के आपके अनुरोध को अस्वीकार कर देता है, तो आपके पास कार्यक्रम से पूर्व लिखित नोटिस प्राप्त करने का भी अधिकार है।

### लिखित सूचना में क्या जानकारी शामिल होनी चाहिए?

पूर्व लिखित सूचना में यह शामिल होना चाहिए:

- कार्यक्रम जो कार्रवाई प्रस्तावित कर रहा है या लेने से इंकार कर रहा है:
- कार्यक्रम कार्रवाई प्रस्तावित क्यों कर रहा है या लेने से इंकार क्यों कर रहा;

- विचार किए गए कोई अन्य विकल्पों का विवरण और उन विकल्पों को अस्वीकार करने के कारण;
- प्रस्तावित या अस्वीकृत कार्रवाई के आधार के रूप में उपयोग की जाने वाली प्रत्येक मूल्यांकन प्रक्रिया, परीक्षण, रिकॉर्ड या रिपोर्ट का विवरण;
- प्रस्तावित या अस्वीकृत कार्रवाई से संबंधित कोई अन्य कारकों का विवरण;
- शिकायत प्रक्रियाओं का विवरण, जिसमें शिकायत दायर करने की विधि और उन प्रक्रियाओं के तहत समय-सीमा का विवरण शामिल है;
- इस *प्रक्रियात्मक रक्षोपायों की सूचना* पुस्तिका की एक प्रति या आप एक प्रति कैसे प्राप्त कर सकते हैं; **<u>और</u>**,
- इन प्रक्रियात्मक रक्षोपायों को समझने में सहायता प्राप्त करने के लिए आपके द्वारा संपर्क करने हेतु स्रोत।

पूर्व लिखित सूचना आपकी मूल भाषा में प्रदान की जानी चाहिए, जब तक ऐसा करना स्पष्ट रूप से व्यवहार्य न हो। सूचना को आम जनता की समझ में आने वाली भाषा में लिखा जाना चाहिए।

यदि आपकी देशीय भाषा या संचार का अन्य माध्यम लिखित भाषा नहीं है, तो कार्यक्रम को यह सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाने चाहिए कि:

- सूचना को आपकी देशीय भाषा या अन्य माध्यम में मौखिक रूप से या अन्य तरीके से अनुवाद किया जाना चाहिए;
- आप सूचना की अंतर्वस्तु को समझते हैं: **<u>और</u>**,
- इस बात का लिखित प्रमाण है कि इन आवश्यकताओं को पूरा किया गया है।

*देशीय भाषा*, जब इसका किसी ऐसे व्यक्ति के साथ उपयोग किया जाता है जिसकी अंग्रेजी में सीमित दक्षता है, तो इसका अर्थ है:

1. जिस भाषा का उस यक्ति, या बच्चे के मामले में, उस बच्चे के माता-पिता द्वारा सामान्य रूप से उपयोग किया जाता है;
2. बच्चे के साथ प्रत्यक्ष संपर्क में (बच्चे के मूल्यांकन सहित), सामान्य रूप से बच्चे द्वारा घर पर या शिक्षा के वातावरण में उपयोग की जाने वाली भाषा।

बहरेपन या अंधेपन वाले व्यक्ति के लिए, या बिना लिखित भाषा वाले व्यक्ति के लिए, उस व्यक्ति द्वारा संचार का सामान्य रूप से उपयोग किया जाने वाला तरीका (जैसे सांकेतिक भाषा, ब्रेल, या मौखिक संचार)।

### क्या मैं ईमेल द्वारा सूचनाएँ देखने का अनुरोध कर सकता/सकती हूँ?

यदि आपका EI/ECSE कार्यक्रम माता-पिता को ई-मेल द्वारा दस्तावेज़ प्राप्त करने का विकल्प प्रदान करता है, तो आप ई-मेल द्वारा निम्नलिखित प्राप्त करना चुन सकते हैं:

1. पूर्व लिखित सूचना;
2. प्रक्रियात्मक रक्षोपायों की यह सूचना **<u>और</u>**,
3. सम्यक प्रक्रिया सुनवाई से संबंधित सूचना।

## मूल्यांकन और पुनर्मूल्यांकन

### यदि मेरा बच्चा EI सेवाएँ प्राप्त कर रहा है, तो क्या मेरे बच्चे को ECSE सेवाओं का पत्न होने के लिए मूल्यांकन करने की आवश्यकता होगी?

जी हाँ। यदि आपका बच्चा EI सेवाएँ प्राप्त करता है, तो तीन साल की आयु का होने से पहले आपके बच्चे को ECSE पात्रता के लिए मूल्यांकन करने की आवश्यकता होगी। IFSP टीम को मौजूदा मूल्यांकन डेटा की समीक्षा करनी चाहिए और यह तय करना चाहिए कि आपका बच्चा ECSE सेवाओं के लिए पात्र है या नहीं, यह निर्धारित करने के लिए अधिक जानकारी की आवश्यकता है या नहीं।

### यदि मेरा बच्चा ECSE सेवाएँ प्राप्त कर रहा है, तो क्या मेरे बच्चे को स्कूल-आयु विशेष शिक्षा सेवाओं के पात्र होने के लिए पुनर्मूल्यांकन करने की आवश्यकता होगी?

यदि आपके बच्चे की पहचान ECSE द्वारा अक्षम बच्चे के रूप में की जाती है, तो आपका बच्चा स्कूल-आयु विशेष शिक्षा सेवाओं के लिए पात्र बना रहेगा। स्कूल जिला पात्रता पर पुनर्विचार करने के लिए पुनर्मूल्यांकन कर सकता है, लेकिन यह अनिवार्य नहीं है।

IFSP टीम को मौजूदा मूल्यांकन जानकारी की समीक्षा करनी चाहिए और यह तय करना चाहिए कि इन श्रेणियों में से किसी एक के तहत आपका बच्चा विशेष शिक्षा के लिए पात्र है या नहीं, यह निर्धारित करने के लिए अतिरिक्त जानकारी आवश्यक है या नहीं।

यदि टीम को श्रेणीबद्ध अक्षमता का संदेह नहीं है **या** यह तय करती है कि क्या आपका बच्चा विशेष शिक्षा के लिए पात्र बना रहेगा या नहीं, यह निर्धारित करने के लिए किसी अतिरिक्त जानकारी की आवश्यकता नहीं है, तो सार्वजनिक एजेंसी को आपको उस निर्णय और उसके कारणों के बारे में सूचित करना चाहिए। आपके पास तब भी यह निर्धारित करने के लिए मूल्यांकन का अनुरोध करने का अधिकार है, कि आपका बच्चा पात्र बना रहेगा या नहीं। सार्वजनिक एजेंसी को आपके बच्चे का मूल्यांकन करने की आवश्यकता नहीं होती है, जब तक आप इसका अनुरोध नहीं करते हैं।

### यदि मेरा बच्चा ECSE कार्यक्रम में है, तो मेरे बच्चे का पुनर्मूल्यांकन कितनी बार किया जाएगा?

आपके बच्चे का वर्ष में एक से अधिक बार पुनर्मूल्यांकन नहीं किया जा सकता है, जब तक कि आप और सार्वजनिक एजेंसी अन्यथा सहमत न हों। ECSE और स्कूल-आयु के बच्चों के लिए, पुनर्मूल्यांकन का कोई रूप, या पुनर्मूल्यांकन पर विचार, आमतौर पर हर तीन साल में होता है, परंतु अधिक बार भी हो सकता है।

## स्वतंत्र शैक्षिक मूल्यांकन-केवल ECSE

### स्वतंत्र शैक्षिक मूल्यांकन क्या होता है?

एक स्वतंत्र शैक्षिक मूल्यांकन (IEE) एक योग्य परीक्षक द्वारा मूल्यांकन होता है जो आपके बच्चे के लिए उत्तरदायी सार्वजनिक एजेंसी का कर्मचारी नहीं होता है। यदि आप सार्वजनिक एजेंसी द्वारा आपके बच्चे के लिए प्रदान किए गए मूल्यांकन से असहमत हैं, तो आपके पास सार्वजनिक व्यय पर एक स्वतंत्र शैक्षिक मूल्यांकन करवाने का अधिकार है। सार्वजनिक व्यय का अर्थ है कि सार्वजनिक एजेंसी को आपको बिना किसी लागत के मूल्यांकन प्रदान करने की व्यवस्था करनी होगी।

जब भी सार्वजनिक एजेंसी आपके बच्चे का मूल्यांकन करता है जिससे आप असहमत हैं, तो आप सार्वजनिक व्यय पर अपने बच्चे के केवल एक स्वतंत्र शैक्षिक मूल्यांकन करवाने के पात्र हैं।

### स्वतंत्र शैक्षिक मूल्यांकन के लिए मानदंड क्या हैं?

यदि एक स्वतंत्र शैक्षिक मूल्यांकन सार्वजनिक व्यय पर किया जाता है, तो मूल्यांकन के स्थान, परीक्षक की योग्यता, और लागत सहित, मूल्यांकन प्राप्त करने के लिए मानदंड वही होने चाहिए जो सार्वजनिक एजेंसी मूल्यांकन आरंभ करते समय उपयोग करता है (उस हद तक जहाँ तक वे मानदंड स्वतंत्र शैक्षिक मूल्यांकन के आपके अधिकार के अनुरूप हैं)।

उक्त मानदंडों को छोड़कर, सार्वजनिक एजेंसी, सार्वजनिक व्यय पर एक स्वतंत्र शैक्षिक मूल्यांकन प्राप्त करने से संबंधित कोई शर्तों या समय-सीमाएँ लागू नहीं कर सकता है।

अनुरोध किए जाने पर, सार्वजनिक एजेंसी के लिए आपको यह प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करना आवश्यक है कि अनूठी परिस्थितियों ले कारण एक ऐसा स्वतंत्र शैक्षिक मूल्यांकन उचित है जो एजेंसी के मानदंडों को पूरा नहीं करता है।

### मैं स्वतंत्र शैक्षिक मूल्यांकन के लिए अनुरोध कैसे करूँ?

यदि आप एक स्वतंत्र मूल्यांकन का अनुरोध करते हैं, तो सार्वजनिक एजेंसी को आपके अनुरोध के बारे में स्पष्ट रूप से सूचित करना महत्वपूर्ण है। सार्वजनिक एजेंसी यह पूछ सकती है कि आप उनके द्वारा आपके बच्चे के लिए प्रदान किए गए मूल्यांकन से असहमत क्यों हैं। आप इसका स्पष्टीकरण प्रदान कर सकते हैं, लेकिन यह अनिवार्य नहीं है।

यदि आप एक स्वतंत्र शैक्षिक मूल्यांकन का अनुरोध करते हैं, तो सार्वजनिक एजेंसी को बिना विलंब के, आपको सूचित करना चाहिए कि यह स्वतंत्र शैक्षिक मूल्यांकन कहाँ से प्राप्त किया जा सकता है, और आपको स्वतंत्र शैक्षिक मूल्यांकन के लिए सार्वजनिक एजेंसी के मानदंडों के बारे में सलाह देनी चाहिए। आपको सार्वजनिक एजेंसी की सूची में से किसी मूल्यांकनकर्ता का उपयोग करना अनिवार्य नहीं है।

यदि आप एक स्वतंत्र मूल्यांकन, या एक स्वतंत्र मूल्यांकन के लिए प्रतिपूर्ति का अनुरोध करते हैं, तो सार्वजनिक एजेंसी को बिना विलंब के आपके अनुरोध का उत्तर देना चाहिए। सार्वजनिक  एजेंसी को यह दर्शाने के लिए कि उसका मूल्यांकन आपके बच्चे के लिए उपयुक्त है, या तो सम्यक प्रक्रिया सुनवाई का अनुरोध करना चाहिए, या आपको बिना किसी लागत के एक स्वतंत्र मूल्यांकन तक पहुँच सुनिश्चित करवानी चाहिए।

यदि सार्वजनिक एजेंसी सम्यक प्रक्रिया सुनवाई आरंभ करती है, और अंतिम निर्णय यह होता है कि सार्वजनिक एजेंसी का मूल्यांकन उचित है, तो आप

अपने व्यय पर एक स्वतंत्र शैक्षिक मूल्यांकन प्राप्त कर सकते हैं।

**स्वतंत्र शैक्षिक मूल्यांकन के परिणामों के साथ क्या होता है?**

यदि आप एक स्वतंत्र शैक्षिक मूल्यांकन प्राप्त करते हैं, तो ECSE कार्यक्रम द्वारा आपके बच्चे की निःशुल्क उपयुक्त सार्वजनिक शिक्षा से संबंधित किसी भी निर्णय में इस मूल्यांकन के परिणामों पर विचार किया जाना आवश्यक है। मूल्यांकन के परिणाम एक सम्यक प्रक्रिया सुनवाई में साक्ष्य के रूप में प्रस्तुत किए जा सकते हैं।

## असहमतियों का समाधान

**मैं अपने बच्चे के EI या ECSE कार्यक्रम के संबंध में असहमति को दूर करने के लिए क्या कर सकता/सकती हूँ?**

यदि आपको अपने बच्चे की EI/ECSE सेवाओं के बारे में कोई चिंताएँ हैं, तो सुझाव दिया जाता है कि आपका पहला कदम यह होना चाहिए कि अपने बच्चे के सेवा समन्वयक या EI/ECSE कार्यक्रम प्रशासक से बात करें। ऐसा करना चिंताओं से निपटने में सहायक होता है जब वे पहले उठते हैं, ताकि जल्द से जल्द कदम उठाए जा सकें जो आपके, कर्मचारियों और आपके बच्चे के बीच कामकाजी संबंधों को समर्थन दें। यदि चिंताओं का समाधान नहीं होता है, तो आप मध्यस्थता का अनुरोध कर सकते हैं, शिकायत दायर कर सकते हैं, या ODE के माध्यम से सम्यक प्रक्रिया सुनवाई का अनुरोध कर सकते हैं।

**मध्यस्थता क्या है?**

मध्यस्थता एक विशेष प्रकार की बैठक होती है जो आपको और आपके बच्चे के EI/ECSE कार्यक्रम को आपकी चिंताओं के संबंध में समझौते तक पहुँचने में सहायता करती है। मध्यस्थता स्वैच्छिक, गोपनीय और अनौपचारिक है। या तो आप या कार्यक्रम का कोई प्रतिनिधि मध्यस्थता का अनुरोध कर सकते हैं, परंतु मध्यस्थता निर्धारित होने से पहले आप दोनों को मध्यस्थता का उपयोग करने के लिए सहमत होना आवश्यक है। मध्यस्थता प्रक्रिया की लागत के लिए ODE उत्तरदायी है।

मध्यस्थता का नेतृत्व करने वाले व्यक्ति को मध्यस्थ कहते हैं। मध्यस्थ एक निष्पक्ष व्यक्ति होता है जो कठिन मुद्दों पर असहमतिओं का समाधान करने में लोगों की सहायता करने के लिए रणनीतियों में प्रशिक्षित होता है। मध्यस्थ का कोई व्यक्तिगत या व्यावसायिक हित नहीं होना चाहिए जो मध्यस्थ की निष्पक्षता से टकराव करता हो। यदि आप और आपका कार्यक्रम मध्यस्थता का उपयोग करने के लिए सहमत होते हैं, तो आप और कार्यक्रम ODE द्वारा प्रदान की गई योग्य मध्यस्थों की सूची में से किसी मध्यस्थ का चयन करेंगे। मध्यस्थ आपके लिए, कार्यक्रम के लिए, या ODE के लिए काम नहीं करता है। (किसी मध्यस्थ को ODE का कर्मचारी सिर्फ इसलिए नहीं माना जाता है क्योंकि ODE मध्यस्थता करने के लिए मध्यस्थ को भुगतान करता है।)

मध्यस्थता का उपयोग सम्यक प्रक्रिया सुनवाई के आपके अधिकार को अस्वीकार करने या देरी करने के लिए, या IDEA के तहत आपके किसी भी अन्य अधिकार से इनकार करने के लिए उपयोग नहीं किया जा सकता है।

मध्यस्थता की चर्चाएँ गोपनीय होती हैं और किसी सुनवाई या न्यायालय में इनका साक्ष्य के रूप में उपयोग नहीं किया जा सकता है।

**मध्यस्थता कब उपलब्ध होती है?**

ODE के माध्यम से मध्यस्थता आपको और EI/ECSE कार्यक्रम को IDEA के तहत किसी भी मामले से संबंधित असहमति का समाधान करने की अनुमति देने के लिए उपलब्ध है, जिसमें एक सम्यक प्रक्रिया सुनवाई अनुरोध दर्ज करने से पहले उत्पन्न होने वाले मामले भी शामिल हैं। IDEA के तहत विवादों को सुलझाने के लिए  मध्यस्थता उपलब्ध है, चाहे आपने सम्यक प्रक्रिया सुनवाई का अनुरोध किया हो या नहीं, या विशेष शिक्षा शिकायत देर की हो या नहीं।

मध्यस्थता प्रक्रिया में प्रत्येक बैठक समयबद्ध तरीके से निर्धारित की जानी चाहिए और ऐसी जगह पर आयोजित की जानी चाहिए जो आपके और EI/ECSE कार्यक्रम के लिए सुविधाजनक हो।

**मैं मध्यस्थता का अनुरोध कैसे करूँ?**

आप ODE मध्यस्थता समन्वयक से (503) 947-5797 पर संपर्क कर सकते हैं। आप मध्यस्थता अनुरोध फॉर्म का भी उपयोग कर सकते हैं जो ODE से उपलब्ध है। संसाधन देखें।

**क्या मध्यस्थता का उपयोग करने के लिए सहमत होना मेरे किए अनिवार्य है?**

नहीं। मध्यस्थता स्वैच्छिक है। ODE मध्यस्थता को प्रोत्साहित करता है, लेकिन आपको सम्यक प्रक्रिया सुनवाई या शिकायत दायर करने या इस पुस्तिका में वर्णित किसी भी अधिकार का उपयोग करने से पहले मध्यस्थता का उपयोग करने की आवश्यकता नहीं है। यदि आप मध्यस्थता के बारे में अनिश्चित हैं, तो ODE आपको एक निष्पक्ष व्यक्ति से मिलने का अवसर प्रदान कर सकता है, जो मध्यस्थता के लाभों के बारे में बता सकता है।

**यदि मध्यस्थता में समझौता हो जाता है तो क्या होता है?**

यदि आप और EI/ECSE कार्यक्रम मध्यस्थता के माध्यम से किसी विवाद का समाधान करते हैं, तो दोनों पक्षों को एक कानूनी रूप से बाध्यकारी समझौता करना होगा जो समाधान का बयान करता है और जो:

1. यह बताता है कि मध्यस्थता प्रक्रिया के दौरान हुई सभी चर्चाएँ गोपनीय रहेंगी और किसी भी बाद की सम्यक प्रक्रिया सुनवाई या न्यायालयी कार्यवाही में सबूत के रूप में उपयोग नहीं की जा सकती हैं; **<u>और</u>,**
2. आपके और EI/ECSE कार्यक्रम के एक प्रतिनिधि द्वारा हस्ताक्षरित है, जिसके पास कार्यक्रम को समझौते के साथ बाध्य करने का अधिकार है।

एक लिखित, हस्ताक्षरित मध्यस्थता समझौता जो किसी भी राज्य न्यायालय जिसके पास इस प्रकार के मामले को सुनने के लिए राज्य के कानून के तहत अधिकार है, या संघीय जिला न्यायालय में लागू करने योग्य है।

**मध्यस्थता के अलावा, EI/ECSE के विवादों का समाधान करने के लिए क्या विकल्प हैं और वे कैसे भिन्न हैं?**

विवादों का समाधान करने के लिए IDEA के नियमों में दो अन्य प्रक्रियाएँ हैं: राज्य की शिकायतें, जिन्हें कभी-कभी विशेष शिक्षा शिकायतें कहा जाता है, और सम्यक प्रक्रिया सुनवाईयाँ। जैसा कि नीचे बताया गया है, कोई भी व्यक्ति या संगठन, EI/ECSE कार्यक्रम, स्कूल जिला, ODE या किसी अन्य सार्वजनिक एजेंसी द्वारा किसी भी IDEA आवश्यकता के उल्लंघन का आरोप लगाते हुए राज्य शिकायत दर्ज कर सकता है।

**विशेष शिक्षा शिकायत क्या होती है?**

राज्य शिकायत एक लिखित, हस्ताक्षरित कथन होता है जो आपके EI/ECSE कार्यक्रम द्वारा IDEA के संभावित उल्लंघन का वर्णन करता है। इसमें आप ODE से समस्या की जाँच करने और उसका समाधान करने के लिए अनुरोध करते हैं।

शिकायत की जाँच ODE द्वारा आपकी चिंताओं की एक अनौपचारिक, वस्तुनिष्ठ समीक्षा है। इस जाँच में आपका कोई व्यय नहीं होता है और किसी वकील की आवश्यकता नहीं होती है।

**ODE के पास शिकायत दायर करने की समय-सीमा क्या है?**

आपकी शिकायत से संबंधित उल्लंघन ODE के साथ आपके द्वारा शिकायत दायर किजाने की 12 महीनों के भीतर का होना चाहिए।

**शिकायत में क्या शामिल होना चाहिए?**

शिकायत में निम्नलिखित शामिल होने चाहिएँ:

1. एक कथं कि EI/ECSE कार्यक्रम, स्कूल जिला या अन्य सार्वजनिक एजेंसी ने IDEA की आवश्यकता या इसके विनियमों का उल्लंघन किया है;
2. वे तथ्य जिन पर यह बयान आधारित है;
3. शिकायतकर्ता (शिकायत करने वाला व्यक्ति या एजेंसी) के हस्ताक्षर और संपर्क जानकारी; **<u>और</u>,**
4. यदि किसी विशिष्ट बच्चे के संबंध में उल्लंघन का आरोप लगाया गया है:
   (a) बच्चे का नाम और बच्चे के निवास का पता;
   (b) बच्चा जिस EI/ECSE कार्यक्रम में पढ़ रहा है उसका नाम;
   (c) एक बेघर बच्चे या युवा के मामले में, बच्चे के लिए उपलब्ध संपर्क जानकारी, और उस स्कूल या कार्यक्रम का नाम जिसमें बच्चा भर्ती है;
   (d) समस्या से संबंधित तथ्यों सहित, समस्या की प्रकृति का विवरण; **<u>और</u>,**

(e) शिकायत दर्ज करने के समय शिकायत दर्ज करने वाले पक्ष को ज्ञात और उपलब्ध सीमा तक समस्या का एक प्रस्तावित समाधान।

आप इस जानकारी के लिए ODE शिकायत फॉर्म का उपयोग कर सकते हैं:
http://www.ode.state.or.us/search/page/?id=1219।

लिखित शिकायतें यहाँ भेजी जाती हैं:

Deputy Superintendent of Public Instruction
Oregon Department of Education
255 Capitol Street NE
Salem, OR 97310

सेवा में: Student Services (छात्र सेवाएँ)

शिकायत दायर करने वाले पक्ष को शिकायत की एक प्रति EI/ECSE कार्यक्रम या बच्चे की सेवा करने वाली अन्य सार्वजनिक एजेंसी को उसी समय अग्रेषित करनी चाहिए जब पक्ष ODE के साथ शिकायत दर्ज करता है।

### ODE को लिखित विशेष शिक्षा शिकायत भेजने के बाद क्या होता है?

ODE आपसे और कार्यक्रम से मध्यस्थता सहित, शिकायत समाधान विकल्पों पर चर्चा करने के लिए तुरंत संपर्क करेगा। ODE इस बात की भी पहचान करेगा कि यह किन आरोपों की जाँच कर सकता है।

### ODE के पास शिकायत का समाधान करने की समय-सीमा क्या है?

यदि आप इस प्रकार की लिखित शिकायत दायर करते हैं, तो ODE को 60 दिनों के भीतर कोई भी जाँच पूरी करनी होगी और लिखित आदेश भेजना होगा।

शिकायत से संबंधित असाधारण परिस्थितियों के लिए इस समय-सीमा को बढ़ाया जा सकता है। समय-सीमा को तब भी बढ़ाया भी जा सकता है यदि माता-पिता और EI/ECSE कार्यक्रम स्वैच्छिक रूप से मध्यस्थता या स्थानीय समाधान का उपयोग करने के लिए समय बढ़ाने के लिए सहमत होते हैं।

इस समय-सीमा के भीतर ODE को आवश्य:

1. स्वतंत्र ऑन-साइट जाँच करनी होगी, यदि ODE निर्धारित करता है कि जाँच आवश्यक है;
2. शिकायतकर्ता को शिकायत में किए आरोपों के बारे में मौखिक या लिखित रूप में अतिरिक्त जानकारी प्रस्तुत करने का अवसर दें;
3. EI/ECSE कार्यक्रम या अन्य सार्वजनिक एजेंसी को शिकायत का जवाब देने का अवसर प्रदान करें, जिसमें कम से कम शामिल हैं: (क) एजेंसी के विकल्प पर, शिकायत को हल करने का प्रस्ताव; **और** (ख) शिकायत दर्ज करने वाले माता-पिता और एजेंसी को मध्यस्थता का प्रयास करने के लिए स्वेच्छा से सहमत होने का अवसर;
4. सभी प्रासंगिक जानकारी की समीक्षा करना और एक स्वतंत्र निर्धारण करना कि क्या स्कूल जिला या अन्य सार्वजनिक एजेंसी IDEA की आवश्यकता का उल्लंघन किया है; **और**,
5. एक लिखित निर्णय जारी करें जो शिकायत में प्रत्येक आरोप का निपटारा करे, जिसमें (क) तथ्य के निष्कर्ष और निर्णय; **और** (ख) ODE के अंतिम निर्णय के कारण।

### एक लिखित आदेश क्या होता है?

एक लिखित आदेश में आरोप, निष्कर्ष, चर्चा, और किसी भी आदेशित सुधारात्मक कार्रवाई के बारे में तथ्य के निष्कर्ष शामिल होते हैं।

अंतिम आदेश आपके या आपके बच्चे का नाम द्वारा पहचान नहीं करता है। अंतिम आदेश एक सार्वजनिक अभिलेख है। शिकायत के अंतिम आदेश को राज्य कानून के तहत एक निर्विरोध मामला माना जाता है।

यदि आप अंतिम आदेश से असंतुष्ट हैं, तो आप 60 दिनों के भीतर मैरियन काउंटी सर्किट कोर्ट या उस काउंटी के सर्किट कोर्ट में अपील कर सकते हैं जहाँ आप रहते हैं।

शिकायत आदेश माता-पिता को उन्हीं उल्लंघनों पर सम्यक प्रक्रिया सुनवाई का अनुरोध करने से नहीं रोकता।

### सुधारात्मक कार्रवाई में क्या शामिल होना चाहिए?

एक राज्य शिकायत को हल करने में जिसमें ODE ने उचित सेवाएँ प्रदान करने में विफलता पाई है, ODE को संबोधित करना चाहिए कि:

1. बच्चे की जरूरतों को पूरा करने के लिए उपयुक्त सुधारात्मक कार्रवाई सहित उपयुक्त सेवाएँ प्रदान करने में विफलता;
   **<u>और</u>**,
2. सभी अक्षम बच्चों के लिए सेवाओं का भविष्य में उचित प्रावधान।

यदि आवश्यक हो, तो अंतिम निर्णय में ODE के अंतिम निर्णय के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए प्रक्रियाओं को शामिल करें, जिनमें शामिल हैं: (क) तकनीकी सहायता गतिविधियाँ; (ख) वार्ता; **<u>और</u>**
(c) अनुपालन प्राप्त करने के लिए सुधारात्मक कार्रवाई।

आप या EI/ECSE कार्यक्रम आपके बच्चे की पहचान, मूल्यांकन या शैक्षिक स्थापन आरंभ करने या बदलने के प्रस्ताव या इनकार, जन्म से तीन वर्ष की आयु तक के बच्चे के लिए, या तीन से पाँच साल की आयु के बच्चे को निःशुल्क उपयुक्त सार्वजनिक शिक्षा (FAPE) का प्रावधान से संबंधित किसी भी मामले पर सम्यक प्रक्रिया सुनवाई अनुरोध को दायर कर सकते हैं।

ODE कर्मचारियों को 60-कैलेंडर-दिन की समय-सीमा के भीतर राज्य की शिकायत का समाधान करना चाहिए और अंतिम आदेश जारी करना चाहिए, जब तक कि समय-सीमा को सही तरीके से बढ़ाया नहीं जाता है।

एक निष्पक्ष सम्यक प्रक्रिया सुनवाई अधिकारी [जिसे एक प्रशासनिक कानून न्यायाधीश या ALJ (administrative law judge) कहा जाता है] को एक सम्यक प्रक्रिया सुनवाई का संचालन करना चाहिए (यदि किसी समाधान बैठक या मध्यस्थता के माध्यम से समाधान नहीं होता है) और समाधान अवधि की समाप्ति के 45-कैलेंडर-दिनों के भीतर एक लिखित निर्णय जारी करना चाहिए, जब तक कि ALJ आपके अनुरोध या कार्यक्रम के अनुरोध पर समय-सीमा को विशिष्ट रूप से बढ़ा नहीं देता है।

### यदि मैं शिकायत दायर करूँ और उसी समय सम्यक प्रक्रिया सुनवाई का अनुरोध करूँ तो क्या होगा?

यदि एक लिखित राज्य शिकायत प्राप्त होती है जो कि एक सम्यक प्रक्रिया की सुनवाई अनुरोध का विषय है, या शिकायत में कई मुद्दे हैं जिनमें से एक या अधिक किसी सुनवाई अनुरोध का हिस्सा हैं, तो ODE को उस शिकायत को, या किसी भी भाग को सुनवाई समाप्त होने तक अलग रखना चाहिए जिसे सम्यक प्रक्रिया सुनवाई में निपटाया जा रहा है। शिकायत में कोई भी मुद्दा जो सम्यक प्रक्रिया सुनवाई का हिस्सा नहीं है, को ऊपर वर्णित समय सीमा और प्रक्रियाओं का उपयोग करके हल किया जाना चाहिए।

यदि किसी शिकायत में उठाए गए मुद्दे को पहले एक ही पक्ष को शामिल करते हुए सम्यक प्रक्रिया सुनवाई में तय किया गया है (माता-पिता और स्कूल जिला), तो उस मुद्दे पर सुनवाई का सम्यक प्रक्रिया निर्णय बाध्यकारी है और ODE को शिकायतकर्ता को सूचित करना चाहिए कि निर्णय बाध्यकारी है।

EI/ECSE कार्यक्रम, स्कूल जिला या अन्य सार्वजनिक एजेंसी की सम्यक प्रक्रिया सुनवाई के निर्णय को लागू करने में विफल रहने का आरोप लगाने वाली शिकायत का ODE द्वारा समाधान किया जाना चाहिए।

### सम्यक प्रक्रिया सुनवाई क्या होती है?

सम्यक प्रक्रिया सुनवाई एक प्रशासनिक कानून न्यायाधीश (ALJ), जो तथ्य और कानून के मुद्दों का फैसला करता है, के समक्ष एक औपचारिक कानूनी कार्यवाही है। ALJ एक लिखित, अंतिम बाध्यकारी राय जारी करता है।

### मैं सम्यक प्रक्रिया सुनवाई के लिए कब कह सकता हूँ?

यदि आप अपने बच्चे की EI सेवाओं से संबंधित पहचान, मूल्यांकन, और स्थापन या अन्य पहलुओं से, और ECSE के लिए, निःशुल्क उपयुक्त सार्वजनिक शिक्षा से, असहमत हैं, तो आप सम्यक प्रक्रिया सुनवाई का अनुरोध कर सकते हैं। आप *अनुशासन अनुभाग* में वर्णित अनुसार "त्वरित" सम्यक प्रक्रिया सुनवाई की मांग कर सकते हैं।

### सम्यक प्रक्रिया सुनवाई के लिए मांग करने की समय-सीमा क्या है?

सम्यक प्रक्रिया सुनवाई का अनुरोध उस तिथि से दो साल के भीतर किया जाना चाहिए जब से आप उस कार्य या चूक के बारे में जानते थे या जानना चाहिए था जिसके कारण सुनवाई का अनुरोध उत्पन्न हुआ।

यह दो वर्ष की समय-सीमा लागू नहीं होगी यदि आपको इन कारणों से सुनवाई का अनुरोध करने से रोका गया था:

- EI/ECSE कार्यक्रम ने आपको गलत तरीके से प्रस्तुत किया कि इसने समस्या को समाधान कर दिया गया है; **या**,
- EI/ECSE कार्यक्रम ने आपको वह जानकारी नहीं दी जो कार्यक्रम के लिए देनी आवश्यक था।

**मैं सम्यक प्रक्रिया सुनवाई का अनुरोध कैसे करूँ?**

आप (या आपके वकील, यदि आपका प्रतिनिधित्व किया जा रहा है) या EI/ECSE कार्यक्रम (या कार्यक्रम के वकील) द्वारा ODE और दूसरे पक्ष को सुनवाई के लिए लिखित अनुरोध भेज जाना चाहिए। आपके सुनवाई अनुरोध में शामिल होना चाहिए:

- आपका नाम और पता (या संपर्क जानकारी, यदि आपका कोई पता नहीं है) और आपके बच्चे के EI/ECSE कार्यक्रम का नाम;
- विशिष्ट तथ्यों सहित, सुनवाई के अनुरोध से संबंधित समस्या की प्रकृति का एक विवरण; **और**,
- असहमति को दूर करने का आपका जो भी कोई सुझाव हो।

सम्यक प्रक्रिया सुनवाई का अनुरोध करने के लिए एक मॉडल फॉर्म ODE से उपलब्ध है। (इस पुस्तिका के अंत में दिए गए संसाधन देखें।) आप ODE के मॉडल फॉर्म या किसी अन्य उपयुक्त फॉर्म या दस्तावेज़ का उपयोग कर सकते हैं, जब तक कि इसमें सम्यक प्रक्रिया सुनवाई अनुरोध दर्ज करने के लिए आवश्यक जानकारी शामिल है।

जब तक आप या EI/ECSE कार्यक्रम (या आपके वकील या EI/ECSE कार्यक्रम के वकील) एक सम्यक प्रक्रिया सुनवाई अनुरोध दर्ज नहीं करते हैं, जिसमें यह जानकारी शामिल है, तब तक आप या EI/ECSE कार्यक्रम सम्यक प्रक्रिया सुनवाई नहीं प्राप्त कर सकते हैं।

IDEA के भाग B [34 CFR 300.500 से 300.536] के तहत संघीय विनियमों के प्रक्रियात्मक रक्षोपायों के खंड में कुछ भी नहीं है जो आपको पहले से दर्ज की किए गए सम्यक प्रक्रिया सुनवाई अनुरोध से भिन्न किसी मुद्दे पर एक अलग सम्यक प्रक्रिया सुनवाई अनुरोध दर्ज करने से रोके।

**सार्वजनिक एजेंसी सम्यक प्रक्रिया सुनवाई के लिए कब मांग कर सकती है?**

ECSE के लिए: सार्वजनिक एजेंसी सम्यक प्रक्रिया सुनवाई का अनुरोध तब कर सकती है जब कोई माता-पिता प्रारंभिक मूल्यांकन या पुनर्मूल्यांकन या, ECSE के लिए, यह प्रदर्शित करने के लिए कि सार्वजनिक एजेंसी ने उचित मूल्यांकन किया है या निःशुल्क उपयुक्त सार्वजनिक शिक्षा की पेशकश की है, के लिए सहमति से इनकार करे। सार्वजनिक एजेंसी ECSE या EI सेवाओं में प्रारंभिक स्थापन के लिए माता-पिता की सहमति के इनकार को उलटने के लिए सम्यक प्रक्रिया सुनवाई का अनुरोध नहीं कर सकती है।

**सम्यक प्रक्रिया सुनवाई का अनुरोध किए जाने के बाद क्या होता है?**

जब आप सुनवाई का अनुरोध करते हैं, तो ODE आपको इस प्रक्रियात्मक रक्षोपायों की सूचना की प्रति भेजेगा, आपको निःशुल्क मध्यस्थता की उपलब्धता के बारे में सूचित करेगा, और आपको कोई भी निःशुल्क या कम लागत वाली कानूनी सेवाओं के बारे में सलाह देगा। प्रशासनिक सुनवाई कार्यालय (Office of Administrative Hearings) सुनवाई करने के लिए एक ALJ को नियुक्त करेगा। ALJ आपसे एक पूर्व-सुनवाई सम्मेलन तय करने के लिए संपर्क करेगा।

यदि EI/ECSE कार्यक्रम ने सुनवाई का अनुरोध दायर किया था, तो आपके पास यह अनुरोध प्राप्त करने के बाद इस सूचना के साथ किसी भी समस्या के बारे में ALJ को सूचित करने के लिए 15 दिन हैं। इसी प्रकार से, यदि आपने सुनवाई के लिए अनुरोध दायर किया था, तो कार्यक्रम के पास आपकी सूचना के साथ किसी भी समस्या के बारे में ALJ को सूचित करने के लिए 15 दिन हैं।
ALJ के पास यह तय करने के लिए 5 दिन हैं कि क्या सूचना नियमों का पालन करती है या नहीं, और आपको और कार्यक्रम को तुरंत इस निर्णय के बारे में लिखित रूप से सूचित करना होगा।

आप अपने सुनवाई अनुरोध के साथ किसी भी समस्या को दूसरा अनुरोध भेजकर ठीक कर सकते हैं यदि:

- EI/ECSE लिखित रूप से सहमति दे; **या**,
- ALJ सहमति दे, और सुनवाई से पहले 5 दिन से अधिक बाकी हों।

सुनवाई के लिए दूसरा अनुरोध भेजने से सम्यक प्रक्रिया सुनवाई पूरी करने की समय-सीमा फिर से आरंभ हो जाएगी।

सुनवाई का अनुरोध करने वाला पक्ष सुनवाई में कोई ऐसा मुद्दा नहीं उठा सकता है जिकों सुनवाई के अनुरोध में नहीं बताया गया हो, जब तक कि दूसरा पक्ष अन्यथा सहमत न हो।

यदि EI/ECSE कार्यक्रम ने आपको आपके सुनवाई अनुरोध में मुद्दों से संबंधित EI/ECSE कार्रवाई की लिखित सूचना पहले से नहीं दी है, तो EI/ECSE कार्यक्रम के पास आपको यह सूचना भेजने के लिए आपका सुनवाई अनुरोध प्राप्त करने से 10 दिन का समय है।

1. एक स्पष्टीकरण, कि EI/ECSE कार्यक्रम ने सम्यक प्रक्रिया शिकायत में उठाई गई कार्रवाई का प्रस्ताव या इनकार क्यों किया;
2. आपके बच्चे के वैयक्तिकृत पारिवारिक सेवा योजना (IFSP) टीम द्वारा विचार किए गए कोई भी अन्य विकल्पों का वर्णन, तथा उन विकल्पों को अस्वीकार करने के कारण;
3. प्रस्तावित या अस्वीकृत कार्रवाई के आधार के रूप में उपयोग किए जाने वाले EI/ECSE कार्यक्रम की प्रत्येक मूल्यांकन प्रक्रिया, मूल्यांकन, रिकॉर्ड या रिपोर्ट का विवरण; **और,**
4. EI/ECSE कार्यक्रम के प्रस्तावित या अस्वीकृत कार्रवाई के लिए प्रासंगिक अन्य कारकों का विवरण।

ऊपर दिए गए आइटम 1-4 में जानकारी प्रदान करने से EI/ECSE कार्यक्रम को यह कहने से नहीं रोका जा सकता है कि आपकी सम्यक प्रक्रिया सुनवाई अनुरोध अपर्याप्त था। अन्यथा, कार्यक्रम के पास आपकी सुनवाई का अनुरोध प्राप्त करने से लेकर आपको ऐसी प्रतिक्रिया भेजने के लिए 10 दिन का समय होता है जो विशेष रूप से आपके सुनवाई अनुरोध में मुद्दों का निपटारा करे।

आपको और अन्य IEP टीम के सदस्यों को सुनवाई के अनुरोध के 15 दिनों के भीतर एक "समाधान सत्र" के लिए मिलना आवश्यक है।

**समाधान सत्र क्या होता है?**

समाधान सत्र एक ऐसी बैठक है जो आपके बच्चे के EI/ECSE कार्यक्रम के बारे में समस्या का समाधान करने के लिए होती है। इस बैठक में आप, IFSP टीम के सदस्य जो समस्या के बारे में जानते हैं, और EI/ECSE का प्रतिनिधि जिसके पास कार्यक्रम के लिए निर्णय लेने का अधिकार हो, शामिल होने चाहिए। कार्यक्रम का वकील तब तक उपस्थित नहीं हो सकता है, जब तक आप एक वकील साथ नहीं लाते हैं। समाधान सत्र की आवश्यकता तब तक होती है, जब तक आप और कार्यक्रम इस बैठक को छोड़ने के लिए लिखित रूप में सहमत नहीं होते हैं, या आप और कार्यक्रम इसके बजाय मध्यस्थता का उपयोग करने के लिए सहमत होते हैं।

यदि आप और कार्यक्रम समाधान सत्र में एक सहमति पर पहुँच जाते हैं, तो आप और कार्यक्रम एक लिखित समझौते पर हस्ताक्षर करेंगे जिसमें सभी सहमतियों की सूची होगी। मध्यस्थता समझौते की तरह, यह समझौता कानूनी रूप से बाध्यकारी है और न्यायालय में लागू कराने योग्य है। हस्ताक्षर के तीन व्यावसायिक दिनों के भीतर आप या कार्यक्रम दूसरे पक्ष को एक लिखित कथन भेजकर इस समझौते को रद्द कर सकते हैं।

**सुनवाई के लिए समयरेखा क्या है?**

यदि समाधान अवधि के भीतर समस्या का समाधान आपकी संतुष्टि के अनुसार नहीं होता है, तो सम्यक प्रक्रिया सुनवाई की समय-सीमा आरंभ हो जाती है। सुनवाई और अंतिम आदेश को समाधान अवधि की समाप्ति से 45 दिनों के भीतर पूरा किया जाना चाहिए। यदि आप या कार्यक्रम अधिक समय का अनुरोध करते हैं, तो ALJ अधिक समय दे सकता है।

**30 दिन की समाधान अवधि को किन परिस्थितियों में छोटा किया या बढ़ाया जा सकता है?**

सिवाय जहाँ आप और EI/ECSE कार्यक्रम दोनों समाधान प्रक्रिया को छोड़ने या मध्यस्थता का उपयोग करने के लिए सहमत हुए हैं, समाधान बैठक में भाग लेने में आपकी विफलता समाधान प्रक्रिया और उचित प्रक्रिया सुनवाई के लिए समयसीमा में देरी करेगी जब तक कि आप समाधान बैठक में भाग लेने के लिए सहमत नहीं हो जाते।

यदि उचित प्रयास करने और ऐसे प्रयासों का दस्तावेजीकरण करने के बाद, EI/ECSE कार्यक्रम समाधान बैठक में आपकी भागीदारी प्राप्त करने में सक्षम नहीं है, तो EI/ECSE कार्यक्रम, 30-कैलेंडर-दिन की समाधान अवधि के अंत में, अनुरोध कर सकता है कि ALJ, एक सम्यक प्रक्रिया सुनवाई के लिए आपके अनुरोध को खारिज कर दे। जिला के प्रयासों के दस्तावेज़ीकरण में पारस्परिक रूप से सहमत समय और स्थान की व्यवस्था करने के प्रयासों का रिकॉर्ड शामिल होना चाहिए, जैसे:

1. किए गए या टेलीफोन कॉलों इनके लिए प्रयास का विस्तृत रिकॉर्ड और उन कॉलों के परिणाम;
2. आप को भेजे गए पत्राचार की प्रतियाँ और प्राप्त कोई प्रतिक्रिया; **और**,

3. आपके घर या रोजगार के स्थान पर की गई मुलाकातें का विस्तृत रिकॉर्ड और उन मुलाकातों के परिणाम।

यदि EI/ECSE कार्यक्रम आपके सम्यक प्रक्रिया सुनवाई अनुरोध की सूचना प्राप्त होने के 15 कैलेंडर दिनों के भीतर समाधान बैठक आयोजित नहीं करे **या** समाधान बैठक में भाग नहीं ले, तो आप ALJ से अनुरोध कर सकते हैं कि वे सम्यक प्रक्रिया सुनवाई 45-कैलेंडर-दिन समयरेखा को आरंभ करने का आदेश दे।

यदि आप और EI/ECSE कार्यक्रम समाधान बैठक को छोड़ने के लिए लिखित रूप में सहमत होते हैं, तो सम्यक प्रक्रिया सुनवाई के लिए 45-कैलेंडर-दिन की समय-सीमा अगले दिन शुरू होती है।

मध्यस्थता या समाधान बैठक शुरू होने के बाद और 30-कैलेंडर-दिन समाधान अवधि के अंत से पहले, यदि आप और EI/ECSE कार्यक्रम लिखित रूप में सहमत होते हैं कि कोई समझौता संभव नहीं है, तो सम्यक प्रक्रिया सुनवाई के लिए  के लिए 45-कैलेंडर-दिन की समय-सीमा अगले दिन शुरू हो जाती है।

यदि आप और EI/ECSE कार्यक्रम मध्यस्थता का उपयोग करने के लिए सहमत होते हैं, तो 30-कैलेंडर-दिन समाधान अवधि की समाप्ति पर, दोनों पक्ष समझौता होने तक मध्यस्थता प्रक्रिया जारी रखने के लिए लिखित रूप में सहमत हो सकते हैं। हालांकि, यदि आप या EI/ECSE कार्यक्रम मध्यस्थता प्रक्रिया से हट जाता है, तो सम्यक प्रक्रिया सुनवाई के लिए 45-कैलेंडर-दिन की समय-सीमा अगले दिन शुरू होती है।

## ALJs के लिए क्या योग्यताएँ होती हैं?

कम से कम, ALJ को:

1. ODE या EI/ECSE कार्यक्रम का कर्मचारी नहीं होना चाहिए जो बच्चे की शिक्षा या देखभाल में शामिल हो। कोई व्यक्ति ODE का कर्मचारी केवल इसलिए नहीं होता है कि वे व्यक्ति को ODE द्वारा ALJ के रूप में काम करने के लिए ODE द्वारा भुगतान प्राप्त करता है;
2. का कोई व्यक्तिगत या व्यावसायिक हित नहीं होना चाहिए जो सुनवाई में ALJ की निष्पक्षता के साथ टकराव करता हो;
3. जानकार होना चाहिए और IDEA के प्रावधानों, और IDEA से संबंधित संघीय और राज्य नियमों, और संघीय और राज्य न्यायालयों द्वारा IDEA की कानूनी व्याख्याओं को समझना चाहिए; **और**,
4. उचित, मानक कानूनी अभ्यास के अनुरूप, सुनवाई करने और निर्णय लेने और लिखने का ज्ञान और क्षमता होनी चाहिए।

ODE उन व्यक्तियों की एक सूची बनाए रखता है जो ALJ के रूप में सेवा करते हैं और प्रत्येक के लिए योग्यता का विवरण रखता है।

## सुनवाई के मेरे क्या अधिकार हैं?

सम्यक प्रक्रिया सुनवाई के आपके अधिकारों में शामिल हैं:

- एक वकील साथ लाने का अधिकार है जो आपको सलाह दे सके;
- अक्षम बच्चों के बारे में विशेष ज्ञान या प्रशिक्षण रखने वाले एक या अधिक व्यक्तियों को साथ लाने का अधिकार;
- सुनवाई और अपील की प्रक्रिया के दौरान आपके बच्चे को उसके वर्तमान EI/ECSE स्थापन में रहने का अधिकार जब तक कि:
  - आप और कार्यक्रम दूसरे स्थापन के लिए सहमत न हों;
  - आपका बच्चा कार्यक्रम में प्रारंभिक प्रवेश के लिए आवेदन कर रहा है और आप कार्यक्रम में अपने बच्चे के स्थापन के लिए सहमति देते हैं;
  - आपके बच्चे को ऐसे व्यवहार, जो कि बच्चे की अक्षमता का प्रकटीकरण नहीं है, के लिए निलंबित या निष्कासित किया जाता है और एक अंतरिम वैकल्पिक शैक्षिक सेटिंग में स्थापित किया जाता है;
  - आपके बच्चे को कार्यक्रम द्वारा हथियार या नशीले पदार्थों के उल्लंघन के लिए या किसी अन्य व्यक्ति को गंभीर शारीरिक चोट पहुंचाने के लिए 45 दिनों तक के लिए एक अंतरिम स्थापन में हटा दिया जाता है; **या**,
  - आपके बच्चे को ALJ द्वारा हानिकारक व्यवहार की पर्याप्त संभावना के कारण 45 दिनों तक के लिए अंतरिम स्थापन में हटा

दिया जाता है;

- लिखित और मौखिक साक्ष्य प्रस्तुत करने, और गवाहों का सामना करने, जिरह करने, और उपस्थित होने के लिए बाध्य करने का अधिकार;
- सुनवाई से कम से कम पांच व्यावसायिक दिनों पहले, जिला या कार्यक्रम द्वारा उस तिथि तक पूर्ण किए गए मूल्यांकनों, और उन मूल्यांकनों के आधार पर अनुशंसएँ जिनका वे सुनवाई में उपयोग करने का इरादा रखते हैं, के बारे में सूचित किए जाने का अधिकार;
- आपके बच्चे का सुनवाई के समय उपस्थित होने का अधिकार;
- सुनवाई का जनता के लिए बंद या खुला रखने का अधिकार;
- ऐसे किसी साक्ष्य को पेश करने पर रोक लगाने का अधिकार जिसे सुनवाई से कम से कम पांच कार्यदिवस पहले आपको प्रकट नहीं किए किया गया था। ALJ ऐसे किसी भी साक्ष्य को पेश करने पर रोक लगा सकता है जिकना दूसरे पक्ष की सहमति के बिना सुनवाई से पांच कार्यदिवस पहले प्रकटीकरण नहीं किया गया है;
- सुनवाई के समापन के उचित समय के भीतर बिना किसी लागत के सुनवाई का एक लिखित या, आपके विकल्प पर, इलेक्ट्रॉनिक शब्दशः रिकॉर्ड का अधिकार; **और**,
- बिना किसी लागत के सुनवाई के निर्णय का एक लिखित या, आपके विकल्प पर, की एक इलेक्ट्रॉनिक प्रति प्राप्त करने का अधिकार।

प्रत्येक सुनवाई ऐसे समय और स्थान पर आयोजित की जानी चाहिए जो आपके और आपके बच्चे के लिए उचित रूप से सुविधाजनक हो।

### ALJ के निर्णय का आधार क्या होता है?

आपके बच्चे को निःशुल्क उपयुक्त सार्वजनिक शिक्षा (FAPE) प्राप्त हुई या नहीं, इस पर ALJ का निर्णय विशेष्य आधारों पर आधारित होना चाहिए। प्रक्रियात्मक उल्लंघन का आरोप के मामलों में, ALJ यह निर्णय केवल तब कर सकता है कि आपके बच्चे को FAPE नहीं प्राप्त हुआ है, जब प्रक्रियात्मक अपर्याप्तताओं ने:

1. निःशुल्क उपयुक्त सार्वजनिक शिक्षा (FAPE) के आपके बच्चे के अधिकार में हस्तक्षेप किया;
2. आपके बच्चे को निःशुल्क उपयुक्त सार्वजनिक शिक्षा (FAPE) के प्रावधान के संबंध में निर्णय लेने की प्रक्रिया में भाग लेने के आपके अवसर में महत्वपूर्ण रूप से हस्तक्षेप किया; **या**,
3. एक शिक्षा लाभ से वंचित होने का कारण बना।

यह नियम ALJ को IDEA (34 CFR 300.500 से 300.536 तक) (OAR 581-015-2300 से 2385) के प्रक्रियात्मक रक्षोपाय अनुभाग में दी गई आवश्यकताओं का अनुपालन करने के लिए EI/ECSE कार्यक्रम का आदेश देने से नहीं रोकता है।

### ECSE के लिए विशेष नियम:

IDEA के भाग B में कुछ भी ऐसा नहीं है जो अमेरिकी संविधान, Americans with Disabilities Act of 1990 (अक्षम अमेरिकी अधिनियम 1990) , Title V of the Rehabilitation Act of 1973 (Section 504) (पुनर्वास अधिनियम 1973 का शीर्षक V [धारा 504]), अक्षम बच्चों के अधिकारों की रक्षा करने वाले अन्य संघीय कानूनों के तहत उपलब्ध अधिकारों, प्रक्रियाओं और उपचारों को प्रतिबंधित या सीमित करता है, सिवाय इसके कि इन कानूनों के तहत राहत की मांग करने वाले सिविल कार्रवाई दायर करने से पहले जो IDEA के भाग B के तहत भी उपलब्ध है, ऊपर वर्णित सम्यक प्रक्रिया की प्रक्रियाओं को उसी सीमा तक उठाया जाना चाहिए जैसा कि आवश्यक होगा यदि पक्ष ने IDEA के भाग B के तहत कार्रवाई दर्ज की हो।

इसका अर्थ यह है कि आपके पास अन्य कानूनों के तहत उपचार उपलब्ध हो सकते हैं जो IDEA के तहत उपलब्ध कानूनों के साथ अतिव्यापी हैं, परंतु सामान्य तौर पर, उन अन्य कानूनों के तहत राहत प्राप्त करने के लिए, सीधे न्यायालय में जाने से पहले आपको पहले IDEA के तहत उपलब्ध प्रशासनिक उपायों (अर्थात, सम्यक प्रक्रिया शिकायत समाधान बैठक, और निष्पक्ष सम्यक प्रक्रिया सुनवाई प्रक्रियाओं ) का उपयोग करना होगा।

अंतिम आदेश State Interagency Coordinating Council (स्टेट इंटरएजेंसी कोऑर्डिनेटिंग काउंसिल) और State Advisory Council for Special Education (स्टेट एडवाइजरी काउंसिल फॉर स्पेशल एजुकेशन) को दिया जाएगा। अंतिम आदेश आपके या आपके बच्चे का नाम द्वारा पहचान नहीं करता है। यह एक सार्वजनिक रिकॉर्ड है।

**यदि मैं सुनवाई के निर्णय से असहमत हूँ तो मैं क्या कर सकता/सकती हूँ?**

सुनवाई का निर्णय अंतिम निर्णय होता है सिवाय इसके कि हारने वाला पक्ष अंतिम आदेश के 90 दिनों के भीतर न्यायालय में दीवानी कार्रवाई कर सकता है। यदि आप संघीय या राज्य न्यायालय में दीवानी कार्रवाई दायर करते हैं, तो न्यायालय के लिए आवश्यक है कि:

- सुनवाई का रिकॉर्ड प्राप्त करें;
- किसी पक्ष के अनुरोध पर अतिरिक्त साक्ष्य सुनें;
- प्रमाणाधिक्य को अपने निर्णय को आधार बनाएँ; और,
- ऐसी राहत प्रदान करें जो न्यायालय उचित समझे।

**वकील की फीस की प्रतिपूर्ति के लिए न्यायालय आदेश कब दे सकता है? (केवल ECSE)**

यदि आप सम्यक प्रक्रिया सुनवाई में प्रबल होते हैं, तो न्यायालय ODE से आपको वकील की उचित फीस की प्रतिपूर्ति करने की मांग कर सकती है।

यदि आपका दावा "तुच्छ, अनुचित या निराधार" हो, तो न्यायालय आपके वकील को EI/ECSE कार्यक्रम के वकील के लिए भुगतान करने की मांग कर सकती है। यदि आपका दावा "किसी भी अनुचित उद्देश्य हेतु" प्रस्तुत किया गया था, जैसे कि परेशान करने, या बिना किसी कारण मुकदमेबाजी की लागत बढ़ाने या देरी करने, तो न्यायालय आपको या आपके वकील को कार्यक्रम के वकील के लिए भुगतान करने की मांग सकती है।

**न्यायालय वकील की उचित फीस कैसे निर्धारित करती है?**

न्यायालय वकीलों को उचित फीस का आवंटन निम्नानुसार करती है:

1. शुल्क उस समुदाय में प्रचलित दरों पर आधारित होना चाहिए जिसमें प्रदान की गई सेवाओं की गुणवत्ता और गुणवत्ता के लिए कार्रवाई या सुनवाई हुई। आवंटित की गई फीस की गणना में किसी बोनस या गुणक का उपयोग नहीं किया जा सकता है।

2. फीस का आवंटन संभवतः नहीं किया जा सकता है और संबंधित लागतों की प्रतिपूर्ति IDEA के भाग B के तहत किसी भी कार्रवाई या कार्यवाही में नहीं की जा सकती है, यदि आपको एक लिखित निपटान प्रस्ताव के बाद की गई सेवाओं के लिए किया जाता है यदि:

   a. यह प्रस्ताव Federal Rules of Civil Procedure (सिविल प्रक्रिया के संघीय नियमों) के नियम 68 द्वारा निर्धारित समय के भीतर किया जाता है या, एक सम्यक प्रक्रिया सुनवाई के मामले में, कार्यवाही शुरू होने से पहले 10 कैलेंडर दिनों से अधिक किसी भी समय किया जाता है;

   b. प्रस्ताव 10 कैलेंडर दिनों के भीतर स्वीकार नहीं किया जाता है; **<u>और</u>**,

   c. न्यायालय को पता चलता है कि अंततः आपको जो राहत मिली है, वह निपटान के प्रस्ताव से ज्यादा आपके अनुकूल नहीं है।

3. इन प्रतिबंधों के बावजूद, यदि आप प्रबल होते हैं और आपके द्वारा निपटान प्रस्ताव को अस्वीकार करना पर्याप्त रूप से उचित था, तो आपको वकीलों की फीस और संबंधित लागतों का आवंटन दिया जा सकता है।

4. IFSP की किसी भी बैठक से संबंधित फीस संभवतः तब तक नहीं दी जा सकती जब तक कि बैठक किसी प्रशासनिक कार्यवाही या न्यायिक कार्रवाई के परिणामस्वरूप आयोजित नहीं की जाती है। मध्यस्थता के लिए भी फीस संभवतः नहीं दिया जा सकती है।

एक समाधान बैठक को प्रशासनिक सुनवाई या न्यायिक कार्रवाई के परिणामस्वरूप बुलाई गई बैठक नहीं माना जाता है, और वकीलों की इन फीस प्रावधानों के प्रयोजनों के लिए प्रशासनिक सुनवाई या न्यायिक कार्रवाई भी नहीं माना जाता है।

IDEA के भाग B के तहत आवंटित वकीलों की फीस की राशि को न्यायालय उचित रूप से कम कर देती है, यदि न्यायालय को पता चलता है कि:

1. आपने, या आपके वकील ने, प्रक्रिया या कार्यवाही के दौरान, विवाद के अंतिम समाधान में अनुचित रूप से देरी की;

2. वकीलों की फीस की राशि अन्यथा आवंटित किए जाने के लिए अधिकृत की गई है, आम रूप से समान कौशल, प्रतिष्ठा और अनुभव

के वकीलों द्वारा समान सेवाओं के लिए समुदाय में प्रचलित प्रति घंटा की दर से अनुचित रूप से अधिक है;

3. प्रक्रिया या कार्यवाही की प्रकृति को देखते हुए बिताया गया समय और कानूनी सेवाएँ अत्यधिक थीं; **या**,

4. आपका प्रतिनिधित्व करने वाले वकील ने सम्यक प्रक्रिया सुनवाई अनुरोध में EI/ECSE कार्यक्रम को उपयुक्त जानकारी प्रदान नहीं की।

हालांकि, न्यायालय संभवतः फीस कम नहीं करेगी यदि न्यायालय को पता चलता है कि सार्वजनिक एजेंसी ने प्रक्रिया या कार्यवाही के अंतिम समाधान में अनुचित रूप से देरी की है या IDEA के भाग B के प्रक्रियात्मक रक्षोपाय प्रावधानों के तहत उल्लंघन किया गया है।

## निजी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चे - केवल ECSE

**क्या विशेष शिक्षा सेवाएँ उन बच्चों के लिए उपलब्ध हैं जिनका उनके माता-पिता द्वारा निजी स्कूल में नामांकन कराया है?**

जी हाँ, आम तौर पर, लेकिन हर बच्चे के लिए ऐसा आवश्य नहीं होता। जिन बच्चों को उनके माता-पिता द्वारा निजी स्कूलों में नामांकित किया गया है, वे सार्वजनिक रूप से वित्तपोषित विशेष शिक्षा और संबंधित सेवाओं में भाग ले सकते हैं। संघीय कानून ECSE कार्यक्रम को इन सेवाओं के लिए सार्वजनिक धन से किए गए व्यय को सीमित करने की अनुमति देता है। यदि आपके बच्चे को इस प्रावधान के तहत विशेष शिक्षा सेवाएँ प्राप्त करनी हैं, तो आपके बच्चे को प्रदान की जाने वाली सेवाओं का वर्णन करने वाली एक सेवा योजना विकसित करने के लिए कार्यक्रम आपसे मुलाकात करेगा। निजी स्कूल या EI/ECSE कार्यक्रम में सेवाएँ साइट-पर प्रदान की जा सकती हैं। यदि इन सेवाओं को EI/ECSE कार्यक्रम में पेश किया जाता है, तो इन बच्चे को इन सेवाओं तक पहुँचने के लिए सार्वजनिक एजेंसी द्वारा परिवहन की पेशकश की जानी चाहिए।

**निजी स्कूल के ट्यूशन के लिए माता-पिता को प्रतिपूर्ति करना कार्यक्रम के लिए आवश्यक कब होता है?**

ECSE कार्यक्रमों के लिए किसी निजी स्कूल या सुविधा केंद्र में प्रारंभिक बचपन विशेष शिक्षा और संबंधित सेवाओं सहित, शिक्षा की लागत का भुगतान करने की आवश्यकता नहीं है, यदि कार्यक्रम ने बच्चे को निःशुल्क उपयुक्त सार्वजनिक शिक्षा उपलब्ध कराई है और इसके बजाय माता-पिता ने बच्चे को एक निजी स्कूल या सुविधा में रखने का चयन किया।

एक न्यायालय या ALJ, ECSE कार्यक्रम से माता-पिता को निजी स्कूल में ऐसे स्थापन, जिसे कार्यक्रम की सहमति या रेफरल के बिना किया गया हो, की लागत की प्रतिपूर्ति करने की मांग केवल तब कर सकते हैं, यदि:

- निजी स्कूल में नामांकन से पहले बच्चे ने EI/ECSE कार्यक्रम के अधिकार के तहत ECSE सेवाएँ प्राप्त कीं हैं;
- न्यायालय या ALJ ने पाया कि उस समय कार्यक्रम ने बच्चे को समय पर निःशुल्क उपयुक्त सार्वजनिक शिक्षा उपलब्ध नहीं कराई थी; **और**,
- निजी स्थापन उपयुक्त है।

एक ALJ या न्यायालय माता-पिता द्वारा किए गए स्थापन को उपयुक्त मान सकती है, भले ही यह स्थापन EI/ECSE कार्यक्रमों के लिए राज्य के मानकों को पूरा न करता हो।

**न्यायालय माता-पिता को प्रतिपूर्ति कम या अस्वीकार कब कर सकती है? सूचना:**

यदि माता-पिता ने ECSE कार्यक्रम को सूचना नहीं दी कि वे ECSE कार्यक्रम द्वारा प्रस्तावित स्थापन को अस्वीकार कर रहे हैं और अपनी चिंताओं और सार्वजनिक खर्च पर अपने बच्चे को एक निजी स्कूल में नामांकन करने के लिए अपने इरादे नहीं बताए तो न्यायालय या ALJ प्रतिपूर्ति को कम या अस्वीकार कर सकता है। यह सूचना या तो:

- सबसे हाल की IFSP बैठक में जिसमें माता-पिता ने ECSE स्थापन से बच्चे को निकालने से पहले भाग लिया था; **या**,
- ECSE स्थापन से बच्चे को हटाने से कम से कम दस कार्य दिवस पहले ECSE कार्यक्रम को लिखित रूप में देना आवश्यक है।

यदि माता-पिता यह सूचना नहीं देते हैं तो न्यायालय या ALJ को प्रतिपूर्ति को कम या अस्वीकार नहीं करना चाहिए यदि:

- यह सूचना देने से बच्चे को शारीरिक हानि होने की संभावना हो;

- EI/ECSE कार्यक्रम ने माता-पिता को सूचना देने से रोका था; या,
- माता-पिता को इस प्रक्रियात्मक रक्षोपायों के नोटिस की प्रति प्राप्त नहीं हुई थी या उन्हें इस सूचना की आवश्यकता के बारे में अन्यथा सूचित नहीं किया गया था।

यदि माता-पिता यह सूचना नहीं देते हैं तो न्यायालय या ALJ को प्रतिपूर्ति को कम या अस्वीकार **नहीं** करना चाहिए यदि:

- माता-पिता साक्षर नहीं हैं या अंग्रेजी में नहीं लिख सकते हैं; **या**,
- यह सूचना देने से बच्चे को गंभीर भावनात्मक हानि होने की संभावना हो।

**मूल्यांकन**; यदि माता-पिता बच्चे को सार्वजनिक एजेंसी द्वारा मूल्यांकन के लिए उपलब्ध नहीं कराते हैं, तो न्यायालय या ALJ भी प्रतिपूर्ति को कम या अस्वीकार कर सकता है, यदि:

- सार्वजनिक एजेंसी ने बच्चे का मूल्यांकन या पुनर्मूल्यांकन करने के अपने इरादे की पूर्व लिखित सूचना दी थी;
- इस सूचना में वर्णित मूल्यांकन का उद्देश्य उचित और उपयुक्त था; और,
- बच्चे को ECSE स्थापन से निकाले जाने से पहले सार्वजनिक एजेंसी ने माता-पिता को यह सूचना दी थी।

**अनुचितता:** माता-पिता का अपने कार्यों में अनुचित होने या निजी कार्यक्रम की लागत अनुचित होने के न्यायिक निष्कर्ष पर प्रतिपूर्ति को कम या अस्वीकार भी किया जा सकता है।

## अनुशासन और अंतरिम वैकल्पिक शैक्षिक सेटिंग में स्थापन - केवल ECSE

संघीय कानून की आवश्यकता है कि माता-पिता को स्कूल के अनुशासन से संबंधित प्रक्रियात्मक रक्षोपायों और वैकल्पिक सेटिंग्स में स्थापन के लिए प्रक्रियाओं की सूचना दी जाए, भले ही ये प्रक्रियाएँ EI/ECSE कार्यक्रमों को ध्यान में रखकर नहीं लिखी गई हों।

### क्या किसी बच्चे को ECSE कार्यक्रम से निलंबित किया जा सकता है?

जी हाँ। ECSE कार्यक्रम किसी अक्षम बच्चे को अनुशासनात्मक कारणों से उसके वर्तमान शैक्षिक स्थापन से लगातार दस स्कूली दिनों तक के लिए निलंबित कर सकता है यदि अक्षमता के बिना बच्चों को उस व्यवहार के लिए निलंबित किया जाएगा। कार्यक्रम अल्पावधि निष्कासन का उपयोग कर सकता है, जिसमें निलंबन, बच्चे को एक उपयुक्त अंतरिम वैकल्पिक शैक्षिक सेटिंग में ले जाना, या बच्चे को किसी अन्य सेटिंग में रखना शामिल है, उसी सीमा तक जितना इन विकल्पों का उपयोग अक्षमता के बिना बच्चों के साथ किया जाएगा।

### क्या किसी बच्चे को एक स्कूल वर्ष में दस से अधिक स्कूल दिनों के लिए निलंबित किया जा सकता है?

यह कुछ पहलुओं पर निर्भर करता है। यदि निलंबन का कोई "पैटर्न" नहीं है, तो एक बच्चे को लगातार दस स्कूली दिनों तक की अतिरिक्त अवधियों के लिए ECSE कार्यक्रम से निलंबित किया जा सकता है। एक "पैटर्न" तब मौजूद है यदि:

- बच्चे का व्यवहार काफी हद तक (अधिकांश भाग के लिए) पिछली घटनाओं में बच्चे के व्यवहार के समान है, जिसके परिणामस्वरूप निष्कासन की यह श्रृंखला हुई; **और**,
- अन्य कारक जैसे प्रत्येक निलंबन की अवधि, बच्चे के स्कूल से बाहर रहने की कुल अवधि, और निलंबन एक-दूसरे के कितने करीब हैं, एक पैटर्न को इंगित करते हैं। क्या निष्कासन की एक शृंखला पैटर्न होता है, यह EI/ECSE कार्यक्रम द्वारा केस-दर-केस के आधार पर निर्धारित किया जाता है और, यदि इसको चुनौती दी जाती है, तो सम्यक प्रक्रिया और न्यायिक कार्यवाही के माध्यम से समीक्षा के अधीन है।

यदि निलंबन का कोई "पैटर्न" है, तो कार्यक्रम बच्चे को निलंबित केवल तब कर सकता है यदि बच्चे की IFSP टीम यह तय करती है कि बच्चे का व्यवहार बच्चे की अक्षमता का "प्रकटीकरण" नहीं था।

यदि कोई "पैटर्न" नहीं है, तो EI/ECSE कर्मी, बच्चे के कम से कम एक शिक्षक के परामर्श से यह निर्धारित करते हैं कि निष्कासन के दौरान IFSP लक्ष्यों की दिशा में बच्चे की प्रगति जारी रखने के लिए किन सेवाओं की आवश्यकता है।

यदि बच्चे की IFSP टीम यह तय करती है कि बच्चे का व्यवहार उसकी अक्षमता का "प्रकटीकरण" नहीं है, तो बच्चे को लगातार दस से अधिक स्कूल दिनों के लिए हटाया जा सकता है (आमतौर पर इसे "निष्कासन" कहा जाता है)।

**यदि किसी बच्चे को एक स्कूल वर्ष में दस से अधिक स्कूली दिनों के लिए निलंबित या निष्कासित किया जाता है, तो क्या कार्यक्रम को तब भी बच्चे के लिए ECSE सेवाएँ प्रदान करनी होंगी?**

जी हाँ। निष्कासन के पहले दस दिनों के बाद, कार्यक्रम को बच्चे को वे सेवाएँ देनी होंगी जिनकी आवश्यकता बच्चे को आयु-उपयुक्त गतिविधियों में भाग लेने और बच्चे के IFSP लक्ष्यों की ओर बढ़ने के लिए जारी रखना आवश्यक है। इन सेवाओं को एक अलग स्थान पर प्रदान किया जा सकता है, जिसे "अंतरिम वैकल्पिक शैक्षिक सेटिंग" कहा जाता है।

**क्या IFSP टीम बच्चे को किसी दूसरे स्कूल या कार्यक्रम में स्थानांतरित करने का निर्णय ले सकती है, भले ही बच्चे को निलंबित या निष्कासित न किया गया हो?**

जी हाँ। माता-पिता उस IFSP टीम का हिस्सा हैं जो यह निर्णय लेती है। यह निर्णय बच्चे के IFSP, और बच्चे को स्कूल में सफल होने के लिए क्या चाहिए, पर आधारित होना चाहिए । अन्य कारकों के साथ-साथ, बच्चे की IFSP टीम शिक्षकों और अन्य बच्चों पर बच्चे के व्यवहार के प्रभाव पर विचार कर सकती है।

**क्या कार्यक्रम को माता-पिता को अनुशासनात्मक कार्रवाई की सूचना देनी चाहिए?**

जी हाँ, कार्यक्रम को माता-पिता को कार्रवाई करने का निर्णय लेने की तिथि तक सूचित करना चाहिए और यह प्रक्रियात्मक रक्षोपायों की सूचना माता-पिता को प्रदान करना चाहिए।

**IFSP टीम यह कैसे तय करती है कि व्यवहार बच्चे की अक्षमता का "प्रकटीकरण" है?**

IFSP टीम, माता-पिता सहित, बच्चे के बारे में सभी प्रासंगिक जानकारी देखती है, जिसमें परीक्षण के परिणाम, माता-पिता की जानकारी, बच्चे की निगरानी और बच्चे का IFSP और स्थापन शामिल है।

बच्चे की IFSP टीम यह निर्धारित कर सकती है कि बच्चे का व्यवहार बच्चे की अक्षमता का प्रकटीकरण था यदि:

- व्यवहार बच्चे की अक्षमता के कारण था या सीधे इससे संबंधित था; <u>**या**</u>,
- व्यवहार कार्यक्रम द्वारा बच्चे के IFSP को लागू नहीं करने प्रत्यक्ष परिणाम था।

छात्र आचार संहिता के उल्लंघन के कारण अक्षम बच्चे के स्थापन को बदलने के किसी भी निर्णय के 10 स्कूल दिनों के भीतर यह निर्णय लिया जाना चाहिए।

**क्या होगा यदि IFSP टीम यह निर्णय लेती है कि बच्चे का व्यवहार बच्चे की अक्षमता का प्रकटीकरण था?**

यदि IFSP टीम इस निष्कर्ष पर पहुँचती है कि व्यवहार बच्चे की अक्षमता का प्रकटीकरण था, तो कार्यक्रम बच्चे को निष्कासित या लगातार दस स्कूल दिनों से अधिक के लिए निलंबित नहीं कर सकता है या स्कूल वर्ष में दस से अधिक स्कूल दिनों के लिए यदि निष्कासन एक "पैटर्न" है।

जानकारी की समीक्षा करने के लिए कार्यक्रम और माता-पिता एक IFSP बैठक आयोजित कर सकते हैं, और IFSP टीम बच्चे की IFSP सेवाओं और/या स्थापन में बदलाव कर सकती है। यदि IFSP टीम को पता चलता है कि विचाराधीन आचरण कार्यक्रम द्वारा IFSP को लागू नहीं करने का प्रत्यक्ष परिणाम था, तो कार्यक्रम को कमियों को दूर करने के लिए तत्काल कार्रवाई करनी चाहिए।

IFSP टीम को बच्चे के व्यवहार का मूल्यांकन पूरा करना चाहिए (इसे "कार्यात्मक व्यवहार मूल्यांकन" कहा जाता है) और बच्चे के लिए एक व्यवहार हस्तक्षेप योजना विकसित करनी चाहिए। यदि बच्चे की पहले से ही एक व्यवहार हस्तक्षेप योजना है, तो व्यवहार से निपटने के लिए IFSP टीम को योजना की समीक्षा करनी चाहिए और उसे बदलना चाहिए, यदि आवश्यक हो।

सिवाए जैसा ***विशेष परिस्थितियों*** के तहत जो वर्णित है, EI/ECSE कार्यक्रम को बच्चे को उस स्थापन पर वापस करना होगा जहाँ से बच्चे को हटाया गया था, जब तक कि माता-पिता और कार्यक्रम व्यवहारिक कार्यक्रम हस्तक्षेप योजना के संशोधन के भाग के रूप में स्थापन में परिवर्तन के लिए सहमत नहीं होते हैं।

**क्या होगा यदि IFSP टीम यह निर्णय लेती है कि बच्चे का व्यवहार बच्चे की अक्षमता का प्रकटीकरण *नहीं* था?**

यदि IFSP टीम इस निष्कर्ष पर पहुँचती है कि व्यवहार बच्चे की अक्षमता का प्रकटीकरण नहीं था, तो:

- कार्यक्रम अनुशासनात्मक कार्रवाई कर सकता है, जैसे कि निष्कासन, ठीक उसी तरह जैसे यह बिना अक्षमता वाले बच्चों के लिए करता;
- कार्यक्रम को यह सुनिश्चित करना होगा कि निष्कासन सुनवाई की आवश्यकता होने पर बच्चे की विशेष शिक्षा और अनुशासनात्मक रिकॉर्ड निष्कासन सुनवाई अधिकारी को प्रदान किए जाएँ;
- कार्यक्रम को बच्चे की व्यक्तिगत आवश्यकताओं के अनुरूप बच्चे को निःशुल्क उपयुक्त सार्वजनिक शिक्षा प्रदान करना जारी रखना चाहिए, जो कि IFSP टीम द्वारा निर्धारित अंतरिम वैकल्पिक शैक्षिक सेटिंग में प्रदान की जा सकती है; **और**,
- जैसा उपयुक्त हो, कार्यक्रम को बच्चे को एक कार्यात्मक व्यवहार मूल्यांकन, और व्यवहार हस्तक्षेप सेवाएँ और बच्चे के व्यवहार को संबोधित करने के लिए संशोधन देना चाहिए ताकि यह जारी न रहे।

**विशेष परिस्थितियाँ:** यह निर्धारित करते समय कि क्या स्थापन में परिवर्तन, जो अनुशासन से संबंधित है, किसी अक्षम बच्चे के लिए उपयुक्त है जो स्कूल की छात्र आचरण संहिता का उल्लंघन करता है, EI/ECSE कर्मचारी केस-दर-केस के आधार पर किसी भी अनूठी परिस्थितियों पर विचार कर सकते हैं।

**कार्यक्रम किसी बच्चे को तुरंत दूसरे स्कूल या कार्यक्रम में कब निकाल के भेज सकता है?**

चाहे यह व्यवहार बच्चे की अक्षमता का प्रकटीकरण था या नहीं, EI/ECSE कर्मचारी किसी बच्चे को एक अंतरिम वैकल्पिक शैक्षिक सेटिंग (बच्चे की IFSP टीम द्वारा निर्धारित) में 45 स्कूल दिनों तक के लिए स्थानांतरित कर सकते हैं, इन विशेष परिस्थितियों के तहत:

- बच्चा EI/ECSE कार्यक्रम या EI/ECSE समारोह में हथियार लाता है या स्कूल में हथियार रखता है;
- बच्चा EI/ECSE कार्यक्रम या EI/ECSE समारोह में जानबूझकर अवैध नशीले पदार्थ रखता है या उसका उपयोग करता है या किसी नियंत्रित नशीले पदार्थ की बिक्री या बिक्री की मांग करता है; **या**,
- EI/ECSE कार्यक्रम में, EI/ECSE कार्यक्रम के स्थान पर, या EI/ECSE समारोह में बच्चा किसी अन्य व्यक्ति को गंभीर शारीरिक चोट पहुँचाता है।

**किसी अनुशासनात्मक विवाद को सुलझाने के लिए माता-पिता या कार्यक्रम को शीघ्र सुनवाई कब मिल सकती है?**

जो माता-पिता IFSP टीम के प्रकटीकरण निर्धारण या बच्चे के स्थापन के संबंध में निर्णय से असहमत हैं, वे सम्यक प्रक्रिया सुनवाई का अनुरोध कर सकते हैं। यदि कार्यक्रम का मानना है कि बच्चे के वर्तमान स्थापन को बनाए रखने से बच्चे या अन्य लोगों को चोट लगने की अधिक संभावना है, तो कार्यक्रम सुनवाई का अनुरोध कर सकता है।

EI/ECSE कार्यक्रम एक समय में 45 दिनों तक के लिए एक बच्चे को एक अंतरिम वैकल्पिक शैक्षिक सेटिंग में स्थानांतरित करने के लिए शीघ्र सुनवाई का अनुरोध कर सकता है यदि:

- बच्चे को वर्तमान स्थापन में बच्चे या अन्य लोगों को चोट लगने की अधिक संभावना होगी;
- कार्यक्रम ने वर्तमान स्थापन में नुकसान के जोखिम को कम करने के लिए उचित प्रयास किए हैं; **और**,
- अंतरिम वैकल्पिक शैक्षिक सेटिंग नीचे दी गई आवश्यकताओं को पूरा करती है।

**त्वरित सम्यक प्रक्रिया सुनवाई के लिए कौन सी प्रक्रियाएँ लागू होती हैं?**

जब भी कोई माता-पिता या EI/ECSE कार्यक्रम सम्यक प्रक्रिया सुनवाई का अनुरोध करता है, तो ऐसी सुनवाई होनी चाहिए जो सामान्य सम्यक प्रक्रिया सुनवाई की आवश्यकताओं को पूरा करती हो, सिवाय इसके कि:

1. ODE को शीघ्र देय प्रक्रिया सुनवाई की व्यवस्था करनी चाहिए, जो सुनवाई के अनुरोध की तिथि के **20** स्कूल दिनों के भीतर होना चाहिए और इसके परिणामस्वरूप सुनवाई के बाद **10** स्कूल दिनों के भीतर एक लिखित निर्धारण होना चाहिए।

2. जब तक माता-पिता और EI/ECSE कार्यक्रम बैठक को छोड़ने के लिए लिखित रूप में सहमत न हों, या मध्यस्थता का उपयोग करने के लिए सहमत होते हैं, तो समाधान बैठक सम्यक प्रक्रिया शिकायत की सूचना प्राप्त होने के **7** कैलेंडर दिनों के भीतर होनी चाहिए। सुनवाई तब तक आगे चल सकती है जब तक कि सम्यक प्रक्रिया शिकायत की प्राप्ति के **15** कैलेंडर दिनों के भीतर मामला का दोनों पक्षों की संतुष्टि तक समाधान न हो।

कोई पक्ष एक त्वरित सम्यक प्रक्रिया सुनवाई में उसी तरह अपील कर सकते हैं जैसे अन्य सम्यक प्रक्रिया सुनवाई में निर्णय के लिए होता है।

एक निष्पक्ष ALJ को सम्यक प्रक्रिया सुनवाई संचालित करनी चाहिए और निर्णय लेना चाहिए। ALJ ऐसा कर सकता है:

1. अक्षम बच्चे को उस स्थापन पर लौटा सकता है जहाँ से बच्चे को हटाया गया था, यदि ALJ यह निर्धारित करता है कि निष्कासन इन आवश्यकताओं का उल्लंघन था, या कि बच्चे का व्यवहार बच्चे की अक्षमता का प्रकटीकरण था; **या**,
2. यदि ALJ यह निर्धारित करता है कि बच्चे के वर्तमान स्थापन को बनाए रखने से बच्चे या अन्य लोगों को चोट लगने की अधिक संभावना है, तो वह 45 से अधिक स्कूल दिनों के लिए एक उपयुक्त अंतरिम वैकल्पिक शैक्षिक सेटिंग में अक्षम बच्चे के स्थापन के स्थान को बदलने का आदेश दे सकता है।

यदि EI/ECSE कार्यक्रम का मानना है कि बच्चे को मूल स्थापन पर लौटाने से बच्चे या अन्य लोगों को चोट लगने की काफी अधिक संभावना है तो इन सुनवाई प्रक्रियाओं को दोहराया जा सकता है।

जब माता-पिता या EI/ECSE कार्यक्रम ने अनुशासनात्मक मामलों से संबंधित एक सम्यक प्रक्रिया सुनवाई अनुरोध दायर किया है, तो बच्चे को (जब तक कि माता-पिता और EI/ECSE कार्यक्रम अन्यथा सहमत न हों) अंतरिम वैकल्पिक शैक्षिक सेटिंग में प्रशासनिक कानून न्यायाधीश के निर्णय तक, या इन आवश्यकताओं के तहत प्रदान की गई हटाने की समय अवधि की समाप्ति तक रहना होगा।

**अंतरिम वैकल्पिक शैक्षिक सेटिंग के लिए क्या आवश्यकताएँ हैं?**

एक अंतरिम वैकल्पिक शैक्षिक सेटिंग में आवश्यक है कि:

- बच्चे को आयु-उपयुक्त गतिविधियों में भाग लेना जारी रखना संभव हो, हालाँकि एक अलग सेटिंग में;
- बच्चे को IFSP लक्ष्यों को पूरा करने में सक्षम बनाने के लिए बच्चे को ECSE सेवाओं और संशोधनों को प्राप्त करना जारी रखना संभव हो, जिसमें बच्चे के IFSP में वर्णित बदलाव भी शामिल हैं; **और**,
- बच्चे के व्यवहार से निपटने के लिए, उचित रूप में एक कार्यात्मक व्यवहार मूल्यांकन, व्यवहार हस्तक्षेप सेवाएँ और संशोधन प्रदान करें ताकि यह जारी न रहे।

## संसाधन

यहाँ सूचीबद्ध सार्वजनिक रूप से वित्तपोषित संगठन IDEA के प्रक्रियात्मक रक्षोपायों और अन्य प्रावधानों को समझने में आपकी सहायता कर सकते हैं।

आपका स्थानीय EI/ECSE कार्यक्रम आपका

EI/ECSE ठेकेदार

ओरेगन शिक्षा विभाग (Oregon Department of Education - ODE)
Salem: (503) 947-5782
वेब साइट: http://www.oregon.gov/ODE/Pages/default.aspx

Office of Student Services (छात्र सेवाएँ कार्यालय)
वेब साइट: http://www.oregon.gov/ode/about-us/Pages/Office-of-Student-Services.aspx

Family and Community Together (FACT) टोल फ्री: (888) 988-3228
वेब साइट: www.factoregon.org

Disability Rights Oregon (विकलांगता अधिकार ओरेगन) (DRO) पोर्टलैंड क्षेत्र: (503) 243-2081
टोल फ्री: (800) 452-1694
वेब साइट: http://www.disabilityrightsoregon.org/

Center for Parent Information & Resources
(माता-पिता सूचना और संसाधन केंद्र)
http://www.parentcenterhub.org/

State Interagency Coordinating Council (स्टेट इंटरएजेंसी कोऑर्डिनेटिंग काउंसिल) (SICC) विशेष आवश्यकताओं वाले छोटे बच्चों और उनके परिवारों के लिए राज्यव्यापी सेवा प्रणाली को सलाह और सहायता प्रदान करती है।
काउंसिल के बारे में जानकारी और उनकी बैठकों की समय-सारणी ODE से (503) 947-5731 पर कॉल करके उपलब्ध है। SICC के बारे में जानकारी यहाँ उपलब्ध है: http://www.oregon.gov/ode/students-and-family/SpecialEducation/earlyintervention/Pages/sicc.aspx

State Advisory Council for Special Education (विशेष शिक्षा के लिए राज्य सलाहकार परिषद) (SACSE) प्रत्येक स्कूल वर्ष में कई बार बैठक करती है। प्रत्येक बैठक में सार्वजनिक टिप्पणी के लिए एक समय शामिल होता है। काउंसिल के बारे में जानकारी और उनकी बैठकों की समय-सारणी ODE से (503) 947-5782 पर कॉल करके उपलब्ध है। SACSE के बारे में जानकारी यहाँ उपलब्ध है: http://www.oregon.gov/ode/students-and-family/SpecialEducation/Pages/sacse.aspx